दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 456

आवश्यकता

सुपौल,सीतामढ़ी मधुबनी,बेगूसराय,मुंगेर,जमुई, के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

9525278483,6200031466

संक्षिप्त खबरें I

पहले चरण के मतदान से पहले ही भाजपा परेशान!

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। देश में आम चुनाव–2024 को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। ऐसे में तमाम राजनीतिक पार्टियां अपना दमखम दिखने में लगी हुई हैं। चुनावी जंग की लड़ाई के लिए पहले चरण की वोटिंग कल शुक्रवार (19 अप्रैल) को होगी। 19 अप्रैल को पहले चरण में 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसमें उत्तर प्रदेश की आठ सीटें शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की जिन आठ सीटों पर वोट डाले जाने हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, कैराना, मुरादाबाद, नगीना, बिजनौर, रामपुर, पीलीभीत और मुजफ्फरनगर की सीटें शामिल हैं। आपको बता दें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीति अपने चरम पर है। पश्चिमी यूपी में इस बार का चुनाव पहले की चुनावों की तुलना में बदला बदला सा नजर आ रहा है। बीजेपी और समाजवादी पार्टी–कांग्रेस गठबंधन दोनों ही तरफ से बदली हुई रणनीति दिखाई दे रही है। सबसे बड़ी बात ये है कि UP में आठ सीटों पर 19 तारीख को मतदान होना है उनमें से पांच सीटों पर बीजेपी 2019 के चुनाव में हार चुकी है। हालांकि उस दौरान सपा–बसपा का गठबंधन था, लेकिन अब सपा बसपा अलग–अलग चुनाव लड़ रही हैं। वहीं RLD बीजेपी के साथ गठबंधन में है। इन सब बातों से पता चलता है कि राजनीतिक पार्टियां बदले हुए स्ट्रेटेजी के साथ चुनाव लड़ते हुए दिखाई देंगे।

भाजपा की बढ़ी मुश्किलें: बीजेपी पहले चरण की कुछ सीटों को लेकर काफी परेशान नजर आ रही है। मुजफ्फरनगर उनमें से एक है जहां पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है। संजीव बालियान और संगीत सोम के बीच के विवाद और जाटों के दो बड़े खापों के बीच ही आपसी खींचतान ने बीजेपी की चिंता बढ़ा दी है। फिलहाल इन बदली हुई परिस्थितियों में किसकी नैया होगी पार और किसकी डूबेगी ! ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है : राहुल गांधी

लोक तंत्र की आवाज

कन्नूर (केरल), 18 अप्रैल (भाषा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है।

कन्नूर में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के आधुनिक इतिहास में संभवतः पहला ऐसा चुनाव होगा जो कि ''भारत के संविधान और हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे के बारे में होगा।

राहुल ने कहा, ''भाजपा आज भारत में जो करने का प्रयास कर रही है, उसकी कोशिश किसी राजनीतिक दल ने नहीं की। संविधान आधुनिक भारत की बुनियाद है। यह हमारे लोगों को समान अधिकार और समान अवसर देता है। हमारा संविधान देश में विभिन्न संस्थानों द्वारा संरक्षित है।

उन्होंने कहा कि नौकरशाही, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, पुलिस, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियां संविधान और भारतीय नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक मानी जाती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, ''इन संस्थानों पर कब्जा कर, ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर, भाजपा हमारे देश की मूल प्रकृति को बदलने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम बहु भाषाओं, परंपराओं, अलग–अलग इतिहास और हमारे सभी लोगों के विचारों को स्वीकार करते हैं। लेकिन भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र, एक भाषा थोपना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है और अपना वक्त ''बर्बाद'' कर रही है।

राहुल ने कहा, ''पहली बात तो यह है कि इसे (विविधता) कभी नहीं बदला जा सकता। आप अपना वक्त बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप भारतीय लोगों की ऊर्जा भी बर्बाद कर रहे हैं। आप अशांति पैदा कर रहे हैं और यह अशांति लोगों को नुकसान पहुंचा रही है।

वह कन्नूर से चुनाव लड़ रहे केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरण और कासरगोड से उम्मीदवार राजमोहन उन्नितथन के लिए प्रचार कर रहे थे।केरल में लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा और नतीजों की घोषणा चार जून को की जाएगी।

इजरायल पर ईरानी मिसाइलों की बारिश, मुस्लिम देश दे रहे 'धोखा'

मिडिल ईस्ट नाटो बनाने का अमेरिकी सपना चकनाचूर!

लोक तंत्र की आवाज

तेहरान (एजेंसी)। ईरान और इजरायल के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। ईरान के 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइल हमले के बाद अब कभी भी इजरायल के पलटवार का खतरा मंडरा रहा है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कह दिया है कि वह अमेरिका के दबाव के आगे नहीं झुकेंगे और अपने देश की सुरक्षा को ध्यान में रखकर फैसला करेंगे। ईरान और इजरायल के इस तनाव से खाड़ी देशों में तनाव है और पूरे इलाके में युद्ध का खतरा मंडराने लगा है। वहीं कतर, सऊदी अरब, यूएई जैसे देश नहीं चाहते हैं कि अमेरिका उनके एयरबेस का इस्तेमाल करके ईरान पर हमला करे। कई विश्लेषकों का कहना है कि ईरान के इस हमले से अमेरिका का खाड़ी देशों में एक और 'नाटो' बनाने का प्लान अब फेल हो गया है। आइए समझते हैं।

मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के हमले से सोशल मीडिया में बहस गरम हो गई। वहीं अमेरिका के इजरायल और अरब देशों के बीच दोस्ती कराने की परीक्षा भी हुई। अमेरिका कोशिश कर रहा था कि ईरान के किसी भी हमले से संयुक्त रूप से निपटने के लिए मिडिल ईस्ट नाटो बनाया जाए। इसके लिए अमेरिका खाड़ी देशों को एकजुट करने में लगा हुआ था। इस हमले के दौरान इजरायल, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जॉर्डन ने ईरान की 99 फीसदी मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराया। ईरान के खिलाफ इस जवाबी कार्रवाई में पूरे मिडिल ईस्ट में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डों ने बहुत अहम भूमिका निभाई।

अमेरिका ने इन जगहों पर लगे रेडार की मदद से मिसाइलों और ड्रोन की पूरी फौज पर नजर रखी और उन्हें बीच रास्ते में ही मार गिराया। वहीं अमेरिका ने आखिरी मौके पर कतर और सऊदी अरब में अपने एयरबेस से लड़ाकू विमानों को लड़ाई के मोर्चे पर भेजा। हालांकि अमेरिकी गठबंधन के मिसाइलों को मार गिराने के बाद तेल समृद्ध इन खाड़ी देशों ने अपनी किसी भी भूमिका को कम करके दिखाया।

बीजेपी ने यूपी में लगाया दम, फिर भी सीटें हो रहीं कम

ओपिनियन पोल

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है तो यूपी की सियासत पूर्वांचल से होती है. बीजेपी का पूरा फोकस यूपी के पूर्वांचल पर है, क्योंकि यहां हर पांच साल पर मतदाताओं की पसंद बदल जाती है. Tv9, के ओपिनियन पोल के सर्वे के मुताबिक बीजेपी भले ही सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर रही हो, लेकिन मिशन–80 का टारगेट पूरा होता नहीं दिख रहा. बीजेपी को पश्चिमी यूपी में भले ही कोई चुनौती न हो, लेकिन पूर्वांचल उसके लिए टेंशन बना हुआ है।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव प्रचार थमने से पहले मंगलवार को आए TV9, Peoples Insight, Polstrat के ओपिनियन पोल के मुताबिक बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता की हैट्रिक लगाती हुई नजर आ रही है. ऐसे में सभी की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं, जहां पर बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए 80 लोकसभा सीटों में 68 पर कब्जा जमाती दिख रही है, जिसमें 64 सीटें बीजेपी और 4 सीटें सहयोगी दलों को मिलती दिख रही हैं. वहीं, इंडिया गठबंधन 12 सीटें ही जीतती नजर आ रही है, जिसमें सपा को 11 और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिल रही है. यूपी में बसपा का खाता खुलता नजर नहीं आ रहा है।

2019 में भाजपा को 16 सीटों पर मिली हार,: बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी यूपी की 16 सीटें हार गई थी, जिसमें 8 सीटें पश्चिमी यूपी और 6 सीटें पूर्वांचल की थी. 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को इन्हीं दोनों इलाकों में भारी नुकसान उठाना पड़ा था. इसके चलते आरएलडी के प्रमुख जयंत चौधरी और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को बीजेपी ने अपने साथ मिलाने का काम किया. आरएलडी के आने से पश्चिमी यूपी में बीजेपी को सियासी फायदा मिलता तो दिख रहा है, लेकिन पूर्वांचल में राजभर का दांव कामयाब होता नजर नहीं आ रहा है. यही वजह है कि घोसी सीट पर राजभर के बेटे अरविंद राजभर भी जीतते नजर नहीं आ रहे हैं। बीजेपी के लिए पूर्वांचल का इलाका काफी अहम है, क्योंकि यहां से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ दोनों ही आते हैं. इसके अलावा मोदी सरकार के तीन मंत्री और योगी सरकार में 13 अन्य मंत्री भी पूर्वांचल से आते हैं. इसके बावजूद यहां की राजनीति पर जाति का खासा प्रभाव देखा जाता है, जिसके लिए बीजेपी ने तमाम ओबीसी आधार वाले दलों के साथ गठबंधन किया है।

भाजपा के लिए टेंशन बना पूर्वांचल

उत्तर प्रदेश में बीजेपी ने 2024 के चुनाव में सभी 80 सीटें जीतने लक्ष्य तय किया है, जिसके लिए जातीय आधार वाले छोटे–छोटे दलों से भी हाथ मिलाया. इसके बाद भी ओपिनियन पोल सर्वे के मुताबिक बीजेपी का मिशन–80 टारगेट पूरा होता नही दिख रहा. सूबे में बीजेपी के जिन 12 सीटों पर चुनाव हारने का अनुमान है, उनमें ज्यादातर सीटें पूर्वांचल की हैं. इस तरह बीजेपी पश्चिम यूपी में अपना दबदबा बनाए रखने में पूरी तरह से सफल नजर आ रही, लेकिन असल चुनौती उसे पूर्वांचल में मिल रही है। ओपिनियन पोल सर्वे के मुताबिक कैराना, मैनपुरी, प्रतापगढ़, कन्नौज, अंबेडकरनगर, लालगंज, घोसी, आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और गाजीपुर लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के जीतने की संभावना है जबकि रायबरेली सीट कांग्रेस के खाते में जाती दिख रही है. यूपी में बीजेपी के जिन 12 सीटों पर हारने का अनुमान है।

लालू ने पप्पू यादव को छोड़ क्यों लगाया बीमा भारती पर दांव, खुद विधायक ने खोला राज

लोक तंत्र की आवाज

पटना। बिहार में राजनीति और गर्मी का तापमान बढ़ा हुआ है. बात अगर सबसे हॉट सीट की करें तो पूर्णिया अभी सबसे आगे है.यहां पर एनडीए, इंडिया गठबंधन और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच कांटे का मुकाबला है. एनडीए की उम्मीदवार के प्रचार में पीएम मोदी चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं. वहीं इंडिया एलायंस की और से पांच बार की विधायक बीमा भारती चुनाव मैदान में है. वहीं कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय पूर्व सांसद पप्पू यादव ताल ठोक रहे हैं. ऐसे में मुकाबला काफी रोचक हो गया है. इस बीच लोकल 18 की टीम ने इंडिया गठबंधन की ओर से उम्मीदवार बीमा भारती से खास बात की है. आइए जानते हैं वह अपनी जीत को लेकर कितना आश्वस्त है।

सबसे ज्यादा चुनौती किनको मानतीहैं?: हम किसी को चुनौती नहीं मानते हैं. जनता की अदालत में है. जनता ही मालिक है.जनता से हम वोट मांगने का काम कर रहे हैं. जनता तय करेगी कौन जीतेगा और हारेगा. हम घर–घर जाकर अपनी बातों को बता रहे हैं. अब जनता तय करेगी क्या करना है. पप्पू यादव को मानते हैं चुनौती? बीमा भारती ने कहा कि हम किसी को चुनौती नहीं मान रहे हैं. जनता की अदालत में फैसला होगा कौन कितना भारी है. जनता तय करेगी। भारती ने आगे कहा कि एक महिला उम्मीदवार होने के नाते मुझे प्यार भी मिल रहा है. जनता सर्वोपरि है. वह भगवान स्वरूप है. आप अभी देख रहे हैं पीएम का प्रोग्राम हुआ. देखिए क्या देकर जाते हैं. 10 साल तो कुछ दिया नहीं. अब आ रहे हैं वोट मांगने. हमारे नेता लालू यादव गरीबों के मसीहा है. वह कभी झुकने का काम नहीं किया है. वह हमेशा सिद्धांत की राजनीति की है।हमलोग सिद्धांतवादी लोग है।

एनडीए या निर्दलीय मैं सबसे ज्यादा किसे चुनौती मान रही

बीमा भारती ने कहा कि मेरे लिए कोई चुनौती नही है. हम जनता की अदालत में जा रहे हैं. जनता के बीच में जा रहे हैं. जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है. लोग मेरी बातों को समझ रहे हैं. चुनाव जीतने के बाद पहला काम कौन करेगी? बीमा भारती ने कहा कि सीमांचल का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है. इसके लिए एयरपोर्ट का चालू करवाना प्राथमिकता है. एयरपोर्ट चालू होने के बाद यहां का विकास का रास्ता खुल जाएगा. अगर चुनाव जीतती हूं तो सबसे पहली आवाज एयरपोर्ट के लिए ही उठाउंगी।

जानिए बीमा भारती का राजनीतिक सफर

बीमा भारती की राजनीतिक सफर 2000 से शुरू हुई. रूपौली निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव जीतकर बिहार विधान सभा के लिए चुनी गईं. इसके बाद, वह राजद की सदस्यता ग्रहण की. फिर फरवरी 2005 के चुनाव में वह उस समय के एलजेपी के शंकर सिंह से चुनाव हार गई. लेकिन अगले अक्टूबर के चुनाव में वह सीट वापस जीतने में सफल रही. बाद में उन्होंने राजद छोड़ दिया। फिर 2010 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जदयू में शामिल हो गईं. वह 2010 में और फिर 2015 में फिर से चुनी गईं।

प्रियंका गांधी की रैली में पहुंचे राजपूत, टेंशन में आ गई भाजपा

लोक तंत्र की आवाज

सहारनपुर (यूपी)। देश में आम चुनाव–2024 को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। चुनाव 2024 की लड़ाई शुरू होने में महज अब 2 दिन ही शेष बचे हुए हैं। ऐसे में आम चुनाव के दौरान तमाम राजनीतिक पार्टियां प्रचार–प्रसार करने में लगी गई हैं। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को सहारनपुर पहुंची हुई हैं। प्रियंका गांधी ने यहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रैली की है।

आपको बता दें कि प्रियंका गांधी यूपी के सहारनपुर में रैली की है। रैली के दौरान भारी संख्या में भीड़ है। इसमें राजपूत समाज के लोग भी मौजूद हैं। साथ ही सर पर केसरिया रंग की पगड़ी पहने राजपूत समाज के लोग प्रियंका के रोड शो में काफी संख्या में दिखाई दे रहे हैं। इन लोगों का भाजपा के लिए तेवर और आक्रोश देश साफ नजर आ रहा कि राजपूत समाज का भाजपा विरोध अब किस हद तक फैल चुका है।

राजपूत समाज कांग्रेस के पक्ष में

प्रियंका गांधी के रोड शो में आए। राजपूत समाज के कई लोगों से बात की और जानने की कोशिश की कि आखिर चल क्या रहा है? उन्होंने कहा कि राजपूत समाज यहां से प्रियंका गांधी का हाथ मजबूत करने का काम करेगा। राजपूत विरोध अगर वोटों में परिवर्तित हो गया तो भाजपा की कई सीटें फंस जाएंगी। सहारनपुर से जो तस्वीर सामने आई है, उसे देख भाजपा टेंशन में आ जाएगी।

जनता पर अन्याय करने वाली इखढ की विदाई तयः रैली की वीडियो शेयर करते हुए प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि सहारनपुर, उत्तर प्रदेश वासियों के इस प्यार से अभिभूत हूं। यह उत्साह, यह जोश और यह जज्बा आने वाले परिवर्तन की आहट है। इसके आगे प्रियंका ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई से निराश हो चुकी जनता को अब बदलाव की उम्मीद दिखने लगी है। यह उत्साह उसी उम्मीद की झलक है। जनता पर अन्याय करने वाली भाजपा की विदाई तय है। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया ! राजपूत समाज लगातार भारतीय जनता पार्टी का विरोध कर रहा है। गुजरात से शुरू हुआ ये विरोध अब वढ समेत कई राज्यों में फैल चुका है। भाजपा ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उसे अपने कोर वोटर समझे जाने वाले राजपूत समाज का अन्नमक विरोध भी झेलना पड़ जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में प्रशांत भूषण ने भाजपा को लेकर दी ऐसी दलील जज साहब बोले-1 मिनट में कितने वोट, ईसी ने दिया यह जवाब

लोक तंत्र की आवाज



नई दिल्ली। ईवीएम के साथ 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) का उपयोग करके डाले गए वोटों की गिनती के अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से वकील निजाम पाशा ने दलील दी कि यह व्यवस्था होनी चाहिए कि वोटर अपना श्श्ढअळ स्लिप बैलट बॉक्स में खुद डाल सके. इस पर जस्टिस खन्ना ने सवाल किया कि इससे क्या वोटर के निजता का अधिकार प्रभावित नहीं होगा? वकील निजाम पाशा ने दलील दी कि वोटर की निजता से अधिक जरूरी है उसका मत देने का अधिकार है।

वहीं वकील संजय हेगड़े की ओर से कहा गया कि सभी पर्चियों के मिलान की सूरत में चुनाव आयोग (एउ) की तरफ से 12–13 दिन लगने की जो बात कहीं जा रही है, वो दलील गलत है. चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि ईवीएम प्रणाली में तीन यूनिट होती हैं बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और तीसरा वीवीपीएटी. बैलेट यूनिट सिंबल को दबाने के लिए है. कंट्रोल यूनिट डेटा संग्रहित करता है और वीवीपीएटी सत्यापन के लिए है. एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि वीवीपैट मशीन में लाइट 7 सेकंड तक जलती है और अगर वह लाइट हमेशा जलती रहे तो पूरा फंक्शन मतदात देख सकता है।

चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि कंट्रोल यूनिट VVPAT को प्रिंट करने का आदेश देती है. यह मतदाता को सात सेकंड तक दिखाई देता है और फिर यह वीवीपीएटी के सीलबंद बॉक्स में गिर जाता है. प्रत्येक कंट्रोल यूनिट में 4 एमबी की मेमोरी होती है. मतदान से 4 दिन पहले कमीशनिंग प्रक्रिया होती है और सभी उम्मीदवारों की मौजूदगी में प्रक्रिया की जांच की जाती है और वहां इंजीनियर भी मौजूद होते हैं.

बालाघाट लोकसभा: रिश्ते में पति-पत्नी मगर चुनाव में प्रतिद्वंद्वी भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों से ज्यादा इस दंपति की चर्चा

लोक तंत्र की आवाज

बालाघाट। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे और उनकी पत्नी विधायक अनुभा मुंजारे को सियासत ने ऐसी राह पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां उनके लिए एक–दूसरे के खिलाफ बोलना मजबूरी हो गया है. कुछ माह पहले कंकर मुंजारे और उनकी पत्नी की राजनीति की राह एक ही हुआ करती थी. कंकर मुंजारे और अनुभा मुंजारे दोनों ने ही 2018 का विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी से लड़ा था. लेकिन, 2023 के चुनाव में राजनीतिक राहें अलग हो गईं. लोकसभा चुनाव में दोनों आमने–सामने हैं. कंकर मुंजारे लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं. उनकी पत्नी कांग्रेस की विधायक हैं. इस कारण पार्टी के उम्मीदवार सम्राट सिंह सरस्वार का प्रचार करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है. पति–पत्नी ने सालों से एक साथ राजनीति की है. इस कारण इनके समर्थक भी एक हैं।

अनुभा को राजनीति में लाए थे कंकर मुंजारे: बालाघाट में भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों से ज्यादा चर्चा मुंजारे दंपत्ति की हो रही है. इस दंपत्ति के साथ लोधी वोटों का समर्थन भी है. कंकर मुंजारे चुनाव भी अपनी जाति के वोटों के कारण ही लड़ते आए हैं. कंकर मुंजारे पहली बार 1989 के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय सांसद चुने गए थे. उन्होंने किसी एक दल में टिककर राजनीति नहीं की. अनुभा मुंजारे से उनका विवाह 1991 में हुआ. मुंजारे सांसद थे. अनुभा को उन्होंने टीचर की नौकरी ज्वाइन नहीं करने दी. राजनीति में ले आए थे. बालाघाट की राजनीति में उनकी स्थिति एक और एक ग्यारह की मानी जाती है। लेकिन, लोकसभा के इस चुनाव में अनुभा मुंजारे के बगैर कंकर मुंजारे की ताकत भी कम हुई है. कंकर मुंजारे ने लोकसभा का पिछला चुनाव भी बहुजन समाज पार्टी से लड़ा था. उन्हें 85 हजार से अधिक वोट मिलने के बाद भी जमानत जब्त हो गई थी। कंकर मुंजारे को वापस बहुजन समाज पार्टी की ओर कांग्रेस के रवैये के कारण जाना पड़ा।

संक्षिप्त खबरें I

महिलाओं एवं पुरुषों के लिए रायल युनिसेक्स फेयर ब्यूटी में 40% आफर मंत्री ने किया उद्घाटन

गया। पुरुष एवं महिलाओं के लिए अच्छे सैलून गया मे रॉयल युनिसेक्स फेयर एंड ब्यूटी सैलून का उद्घाटन डॉक्टर प्रेम कुमार के हाथों हुआ है ।तान्या शर्मा ने मंत्री का भव्य स्वागत किया गया है।जिनकी प्रोपराइटर मधु शर्मा ने बताया कि पुरुष के लिए हेयर कट,हेयर का सभी तरह जो पुरुष का ब्लिच,फेशीयल के अलावा पुरुष को एक छत के निचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।वही महिलाओं के लिए फेशीयल,हेयर कट,हाथ और पैर की वैक्सीग, मेनीक्योर, पेडीक्योर,ब्लीच थ्रेडिंग, और स्पेशल बोडी वैक्सी,बौडी ब्लिच,ब्राइडल मेकअप,लाइट मेकअप,पाट्री मेकअप,इंगजेमेंट मेकअप,हेयर स्टेटनीग, हाइ लाइटस केरटीन,हेयर स्पा आदी महिलाओं को एक छत के निचे सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी कम से कम अच्छा तरीका से किया जा रहा है।इस मौके पर रितिक युवराज, इंदु प्रजापति, राजकुमार अग्रवाल,हरे राम सिंह आदी काफी संख्या में महिलाएं पुरुष उपिस्थत थे।

लौंद बाजार से एक 11 वर्षीय बालक हुआ से लापता

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला थाना क्षेत्र के लौंद बाजार से 14 अप्रैल रविवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे से एक ग्यारह वर्षीय बालक लापता हो गया है। बालक चमोथा गांव के मो. इबरार का पुत्र मो .साकीर बताया गया है। वह अपने घर से रविवार को लौंद बाजार गया था। जहां से अपना घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारो सहित अन्य जगहों पर काफी खोजबीन किया। कुछ भी पता नही चलने के बाद पिता ने गुरुवार को बरामदगी को लेकर सिरदला थाना में आवेदन सौपा है। खबर कवरेज करने तक बालक का कोई पता नहीं चल सका है।

मुरहेना से अपहृत युवती को गया के ग्रामीणों ने पकड़ा,बरामदगी के लिए पुलिस हुई गया के लिए हुए रवाना

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। थाना क्षेत्र के मुरहेना के कसियाडीह गांव से पिछले माह में एक नाबालिग युवती के अपहरण को लेकर परिजनों ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। युवती को गया के मुफस्सिल के ग्रामीणों ने युवती को एक युवक के साथ पकड़ कर पुलिस को सूचित किया।पुलिस सूचना पाकर अपहृत युवती एवं साथ में रहे युवक की बरामदगी को लेकर गया रवाना हुई है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि इसी वर्ष के बीते 10 मार्च को मुरहेना के कसियाडीह के एक पीड़ित परिजन द्वारा लिखित आवेदन देकर नाबालिग युवती के अपहृत होने की बात कही गई थी।लिखित आवेदन को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई थी।इसी बीच सूचना मिली कि अपहृत युवती एवं उसके साथ एक युवक को गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पकड़ कर रखा गया है।प्राप्त सूचना के आलोक में रजौली थाना से महिला पुलिस बलों के साथ पुलिस पदाधिकारी को भेजा गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि अपहृत युवती एवं साथ में रहे युवक के बरामदगी के बाद पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।वहीं दूसरी ओर बीती रात्रि अमावां गांव में एक नाबालिग युवती को उसके पड़ोसी ने अपहरण कर लिया है।जिसकी लिखित सूचना पीड़ित परिजनों द्वारा थानाध्यक्ष को दिया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि लिखित आवेदन के आलोक में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

एनडीए - इंडिया दोनों गठबंधन ने की है ताबड़तोड़ तैयारी, अब है मतदाताओं के मतदान की बारी

लोक तंत्र की आवाज़

चुनाव की उलटी गिनती शुरूहो गयी है 17 नवंबर तक राजनीतिक पार्टियों ने ताबड़तोड़ चुनाव प्रचार किया

सुनील कुमार

नवादा। जिले में पहले चरण के लोकसभा चुनाव की उलटी गिनती शुरू हो गयी है। नामांकन से लेकर 17 नवंबर तक राजनीतिक पार्टियों व दलों ने ताबड़तोड़ चुनाव प्रचार किया। पीएम मोदी समेत बड़े–बड़े नेताओं की दर्ज़नों रैली व जन सभाएं हुई। एनडीए से जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं नित्यानंद राय, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, चिराग पासवान, उपेन्द्र कुशवाहा, रणवीर नंदन, नितीन नवीन ने मतदाताओं को लुभाने का काम किया।

दूसरी ओर , बिहार विधानसभा में विरोधी दल के नेता सह पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी जैसे बड़े कद्दावर नेताओं ने दर्ज़नों रैली व जन सभाएं की। इंडिया गठबंधन मुख्य तौर पर प्रतिपक्ष के नेता सह पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मोर्चा संभाला। तेजस्वी यादव ने वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ कई बड़ी चुनावी सभाओं को संबोधित किया। जबकि राजद के प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने भी चुनावी सभाएं की। दोनों प्रमुख गठबंधनों ने लगातार नामांकन के दिन से ही अपना–अपना ताकत दिखाना शुरू कर दिया था। दोनों गठबंधन ने नामांकन के दिन बड़ी रैली कर शक्ति प्रदर्शन किया। एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में सबसे पहले नामांकन के दिन सभा आयोजित की गई। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, चिराग पासवान, उपेन्द्र कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री सम्राट कुशवाहा आदि नेताओं ने सभा को संबोधित किया था।

दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के नामांकन के अवसर पर राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव सहित कई बड़े नेताओं ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इंडिया गठबंधन की ओर से चुनाव प्रचार की बागडोर थामे पूर्व उप मुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के साथ वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ही मुख्य चेहरा दिखाई देते रहे। उन्होंने ने एक पर एक नवादा, गोबिंदपुर एवं सिरदला में चुनावी सभा को संबोधित किया । अब मतदाताओं की बारी है। शुक्रवार को सुबह छह बजे से मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने मतदाताओं को सुरक्षा की मुक्कमल व्यवस्था की है।

डिस्पैच सेंटर से ईवीएम एवं वीवीपैट लेकर मतदान कर्मी हुए बूथ के लिए रवाना

लोक तंत्र की आवाज़

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। मुख्यालय स्थित रजौली इंटर विद्यालय में नवादा लोकसभा चुनाव को लेकर रजौली एवं हिसुआ विधानसभा के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर से गुरुवार को सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की मदद से ईवीएम एवं वीवीपैट अपने–अपने बूथों के लिए लेकर रवाना हुए। डिस्पैच सेंटर में एडीएम चन्द्रशेखर आजाद,एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष,एसडीपीओ गुलशन कुमार,बीडीओ अनिल मिस्त्री के अलावे दर्जनों प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। एडीएम डिस्पैच सेंटर पर बने टेबलों के इर्द–गिर्द घूम–घूम कर कर्मियों को दिशा–निर्देश देते नजर आए।वहीं डिस्पैच सेंटर से ईवीएम एवं वीवीपैट के साथ अन्य जरूरी सामानों को लेकर मेसकौर प्रखण्ड जा रहे सेक्टर पदाधिकारी नित्यानन्द शास्त्री ने कहा कि निष्पक्ष मतदान के लिए उन्हें वरीय पदाधिकारियों से महत्वपूर्ण निर्देश प्राप्त हुए हैं।वहीं रजौली प्रखण्ड के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव डेलवा जा रहे सेक्टर पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि वे पहले भी कई मतदान करवा चुके हैं।उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व कहे जाने वाले मतदान में उन्हें एक अहम कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।जिसका निर्वहन वे पूरी निष्पकता से करेंगे।मतदान कर्मियों में पुरुषों के साथ–साथ महिलायें एवं दिव्यांगजन भी डिस्पैच सेंटर में अपने कार्यों में संलिप्त दिखाई दिए।

अज्ञात लोगों के खिलाफ राजद अध्यक्ष ने दर्ज कराया प्राथमिकी

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । राष्ट्रीय जनता दल के नवादा जिला अध्यक्ष उदय यादव ने नवादा नगर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ साइबर अपराध से संबंधित एक मामला दर्ज कराया है । दर्ज प्राथमिक की में कहा गया है कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के फर्जी ट्विटर बनाकर एक पार्टी प्रत्याशी विशेष के पक्ष में प्रचार करने की बात कही गई है । इस तरह का फर्जी भ्रामक पोस्ट करते हुए मतदाताओं को बरगलाने का काम किया जा रहा है । उदय यादव ने इससे संबंधित साइबर थाने में भी प्राथमिकी दर्ज करा कर मामले की तहकीकात करते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि मतदाताओं को भरसक गुमराह करने का प्रयास के तहत इस तरह का पोस्टर वायरल किया जा रहा है । जबकि हमारे नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा इस तरह का कोई भी पोस्ट नहीं किया गया है। पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है ।

नवादा : लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारी पूरी, डीएम–एसपी ने किया निरीक्षण

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा। प्रशांत कुमार सी.एच जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रजौली इंटर विद्यालय, रजौली डिस्पैच सेंटर में रजौली एवं हिसुआ विधान सभा चुनाव से संबंधित सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने कहा कि 18 अप्रैल को पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया है कि पहले चरण में 19 अप्रैल को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशासन की ओर से सारी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि प्राप्त किये गए सामग्री को अच्छी तरह से मिलान कर लें। ईवीएम का डिस्पैच किया जा रहा है। ईवीएम को सेक्टर पदाधिकारी के साथ सीधे बूथ पर जाने का निर्देश दिये और उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को ईवीएम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि ईवीएम को प्राप्त कर सीधा मतदान केन्द्र पर जाना है। मतदान केन्द्र पर पहुंचने के बाद जितने भी कागजात है, वह कृपया शाम को ही भर लेंगे ताकि मतदान के दिन किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल 2024 को मतदान का समय प्रातः 07:00 बजे से निर्धारित है। उन्होंने कहा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर चुनाव सम्पन्न करें। कार्तिकी एस शर्मा पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा बताया गया कि पुलिस सुरक्षा के बिना ईवीएम को नहीं ले जाने की अनुमति दी गयी है। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसलिए ईवीएम को प्राप्त कर सीधा अपने मतदान केन्द्र पर जायें, रास्ते में कहीं न रूकें एवं मतदान को शांतिपूर्वक सम्पन्न करायेंगे।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुथो पर विशेष निगरानी की व्यवस्था, सभी लोग अधिक से अधिक मतदान करे जिलाधिकारी ने लोगों से किए निवेदन

लोकतंत्र की आवाज़

गया।भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को गया जिला में अठराह लाख सोलह हजार आठ सौ पन्द्रह लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे, जिससे पुरुष 15,89,381,. महिला 14,68,308।अन्य 49 है चुनाव आयोग का यह भी निर्देश दिए गए हैं जहा दिव्याग ज्यादा है वहा पर व्यवस्था कराए,जिला के शेरधाटी मे एक क्षेत्र में ऐसा गांव पाया गया है वहा व्यवस्था कराए गये है।1887 गया संसदीय क्षेत्र में मतदान केंद्र है कल नौ विधानसभा में तिन विधानसभा से सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराए जाएंगे,सभी मतदाता को पहचान पत्र लाना जरूरी है। पहचान के रुप में बारह तक के आइडी कार्ड ला सकते हैं,प्रची जो वाटा गया है वह प्रयापत्र नही है। रुपये के धर पकडने के संधन करवाई लगातार हो रही है। अभी तक गयारह लाख तेढासी हजार राशी पकडी गयी है।सोलह प्रत्याशी मेदान में है,तिन एसे मतदान केंद्र महिला द्वारा संचालित होगे, वसुंधरा केंद्र भी रहेगा, जिला प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग के प्रयासो का प्रतिफल अच्छा रहेगा,मेरी उम्मीद नहीं मेरा भरोसा है जिलाधिकारी डा एस एम त्यागराजन ने कहा।

144 के तरह प्रतिबंध रहेगा हर बुथ,बुथ के दो सो की परिधी मे लोग रह सकते हैं। लेकिन भिड नही लगा सकते हैं।कोई पोलिटिकल गतिविधियों का पुरी तरह प्रतिबंध रहेगा,पोलिग ऐजेटस नियुक्त किया गया है।पोलिग ऐजेटस मे कुछ तब्दील किया गया है।पोस्टल बैलट नौ हजार लोग वोट किए हैं, सरकारी नौकरी वाले लोग भी वोटीग कराया जा रहे हैं।पोस्टल वेलेट के जानकारी सभी प्रत्याशी को दिया जा रहा है।इस पुरे मेहनत का फल तभी मिलेगा,जब सभी गया जिला वासियों को अधिक से अधिक मतदान केंद्र पर लोग पहुचे यही गया वासियों को निवेदन करता हूं।गया जिला लोकतंत्र में अच्छा फल देगा,आप सभी मिडिया कर्मियों का पुरा सहयोग मिला है।वही एस एस पी आशिष भारती ने बताया की एसे नक्सल क्षेत्र के बुथ को चिह्नित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराए गये है। कुछ लोग जिला बदर किया गया है जिसका प्रस्ताव प्रारित किया गया है उस पर निगरानी किया जाएगा, घुड़सवार से भी पोलिग स्टेशन के इलाकों की निगरानी की गई है।हर थाना क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बनाया गया है। चार जोन बनाए गए हैं।सोशल मीडिया भी किर्यासिल किया गया है वही कोटी थाने के साहने अली खा को भी जिला बदर किया गया है। त्रिटिकल बुथ पर माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं।प्रयाप्त बल लगाए गये है।सतरह हजार लोगों निशेवेधधम करवाई कराई गई है।गयारह लाख रुपए पकडा गया है। पोलिटिकल लिक पता चलने पर करवाइ की जाएगी,नही तो इंक्म टेक्स को सोपा जाएगा,कुछ बुथो पर लाइव कैमरा लगाए गये है जिसमें 1408 बुथ चिन्हित किए गए हैं।पुरी गतिविधियों मुझे भी मिलेगा और चुनाव आयोग को भी मिलेगा, विडियो भी होगा और आडीयो भी रिकाडीग मिलेगा।केडींट एवं इलेक्शन ऐजेट को पास वाहन दो प्रत्याशियों ने किया है। संसदीय क्षेत्र में घुमने के लिए ?बुथ की जानकारी आनलाइन सुविधाएं उपलब्ध हैं।सभी पार्टियों जो रवाना किया गया है सभी के मोबाइल मे जीपीएस लगा हुआ है गाडी में भी जीपीएस लगा हुआ है।।

हसपुरा : मौआरी में लक्ष्मी नारायण यज्ञ शुरू,भीड़ उमड़ी

लोक तंत्र की आवाज़

विजय कर्ण

हसपुरा (औरंगाबाद)। हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखण्ड के मौआरी गांव में लक्ष्मी नारायण यज्ञ शुरू हो गया है। यह यज्ञ स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य के नेतृत्व में यज्ञ हो रहा है।नगर यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम, श्रीमन नारायण मंत्र के जयघोष से पूरा गांव गुंजायमान रहा।तपती धूप में भी आस्था को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन रही थी। धर्म व अध्यात्म से जुड़े श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।यज्ञ को लेकर गांव व पूरे प्रखंड का वातावरण भक्तिमय हो गया है।महिलाओं,बुजुगों व बच्चों में काफी उमंग देखा जा रहा है।बुधवार की रात्रि में स्वामी जी का प्रवचन व भोजपुरी कलाकार सोनू राय की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा, विधान परिषद जीवन कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा,मुखिया चुनु शर्मा,प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल गांव पहुंचे।पूर्व विधायक ने यज्ञ के आयोजन के लिए आयोजकों को उत्साहित किया।कहा कि धर्म से समाज और परिवार में शांति मिलती है।शांति से ही समाज का विकास होता है।इसलिए समय समय पर यज्ञ होना चाहिए। प्रवचन में स्वामी जी ने समाज मे यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला।कहा कि यज्ञ धर्म का एक हिस्सा है।यज्ञ धर्म व शांति का प्रतीक है।हनुमान जी के जीवन लीला के बारे में विस्तार से चर्चा की। हमे हनुमान जी के जीवनी से सीख लेनी चाहिए कि जबतक जीवन से जुड़ा लक्ष्य प्राप्त नही हो जाए हमें लगातार मेहनत और प्रयास करते रहना चाहिए। बिल्कुल वैसे ही जैसे हनुमान जी जब माता सीता की खोज में लंका जा रहे होते हैं और मेनाक पर्वत पर आराम करने का आग्रह करता है, लेकिन वे मना कर देते हैं।ग्रामीण संजय शर्मा, बमभोला शर्मा, सत्येंद्र चौधरी, उपेंद्र शर्मा,सोनू कुमार ने बताया कि यज्ञ भंडारा के साथ 24 अप्रैल को संपन्न हो जाएगा।यज्ञ को सफल बनाने में गुड्डू शर्मा, जितेंद्र शर्मा, नवीन कुमार ,मंटू कुमार, ,अनिल शर्मा, अशोक शर्मा, भूषण शर्मा,अरविंद शर्मा समेत काफी संख्या में ग्रामीण लगे हुए हैं।

नवादा :मतदान केंद्र पर व्यवस्था नहीं रहने से कर्मियों में आक्रोश

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । नवादा जिले के कई मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं रहने से मतदान कर्मियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है । नवादा शहर के अस्पताल रोड स्थित बूथ संख्या 305 , 306, 307 और 308 पर इसी तरह का नजारा देखने को मिला। मतदान कराने आए मतदान कर्मियों का दल 18 अप्रैल की शाम 5:00 बजे ही केंद्र पर पहुंच गए। परंतु वहां कोई भी व्यवस्था नहीं थी । सिर्फ साफ सफाई करके ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया था । ना तो रोशनी की व्यवस्था थी और ना ही पानी की व्यवस्था थी । स्थानीय वार्ड पार्षद के सहयोग से किसी तरह चापाकल बनवाकर पानी की व्यवस्था कराई गई । इसके अलावे पहले की तरह ना तो वहां टेंट लगाया गया और नहीं शौचालय की व्यवस्था की गई। जिससे वहां पहुंचे लगभग 36 मतदान कर्मियों में काफी आक्रोश देखा गया। कई मतदान कर्मियों ने बताया कि इस तरह की व्यवस्था पहले नहीं होती थी। यहां न रोशनी है , ना पानी है, न शौचालय की व्यवस्था है। किसी तरह यहां रात गुजारने को हम सब बेबस है। इस संबंध में मतदान कर्मियों द्वारा सदर एसडीओ अखिलेश कुमार को भी मोबाइल पर इसकी जानकारी दी गई, परंतु उन्होंने सारी समस्याओं को सुनने के उपरांत कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिससे मतदान कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा है कि इस तरह का कुव्यवस्था कई अन्य मतदान केदो पर भी देखने को मिल रहा है। जिससे मतदान करने आए मतदान कर्मियों में काफी रोष व्याप्त है ।

चुनाव को लेकर जांच चौकी पर बढ़ी चौकसी,वाहनों की हो रही सघन जांच वाहन जांच

लोक तंत्र की आवाज़

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। नवादा जिले में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार–झारखण्ड के बॉर्डर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बलों की चौकसी बढ़ी हुई है।वहीं झारखण्ड की ओर से आनेवाली सभी वाहनों की सघन जांच मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों द्वारा की जा रही है।जांच के क्रम में सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। जिसमें ज्यादातर वाहनों पर शादी–विवाह में शामिल होने वाले लोग ही शामिल हैं।चुनाव के मद्देनजर अंतरराज्यीय सीमा पर तीन शिफ्टों में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।पुलिस बलों द्वारा झारखण्ड की ओर से आनेवाली सभी छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही थी।जांच के दौरान पुलिस बलों द्वारा वाहन रजिस्ट्रेशन नम्बर नोट करने के साथ–साथ चालकों से आने–जाने की पूछताछ के अलावे वाहनों के डिक्की में रहे बैग,सूटकेस आदि की तलाशी में जुटी हुई थी। ड्यूटी में रहे मजिस्ट्रेट ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस और मजिस्ट्रेट को जांच चौकी पर रोस्टर वार उपस्थित रहकर वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी लेने का निर्देश दिया गया है ताकि लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। चुनाव के दौरान जिले में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ एवं अवैध पदार्थ की तस्करी को रोका जा सके।वहीं जांच चौकी पर तैनात सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अपना लोकेशन और तस्वीर व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा करते रहेंगे।जांच चौकी स्थल पर दो पंजी भी संधारित की गई है,एक उपस्थिति पंजी और दूसरी में वाहनों की जांच का ब्योरा दर्ज करना है।वहीं समेकित जांच चौकी पर चुनाव से पूर्व बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने के लिए प्रत्येक दिन तीन शिफ्टों में उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से भी हैंड स्कैनर की मदद से ट्रक,कंटेनर,बस,कार आदि की जांच की जा रही है।साथ ही शराब पीकर बिहार में प्रवेश करने वाले लोगों की जांच कर उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है।बिहार पुलिस एवं उत्पाद बलों की संयुक्त जांच ने शराब धंधेबाजों पर नकेल कस दी है।जब शराब धंधेबाज आसपास के जंगली क्षेत्र से होकर शराब की खेंप बिहार में लाने का प्रयास करते हैं,तो उत्पाद बलों एवं पुलिस बलों द्वारा उन्हें दबोच लिया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें I

मतदान के दिन बंद रहेंगे न्यायालय

घनश्याम तिवारी

बलिया। जनपद के लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन न्यायालय भी बंद रहेंगे। जिला न्यायाधीश अशोक कुमार सप्तम ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में, जिला एवं सत्र न्यायालय 01 जून दिन शनिवार को बंद रहेगा। इसमें सिविल जज जूनियर डिवीजन बलिया,रसड़ा न्यायालय और ग्राम न्यायालय सिकंदरपुर,बलिया भी शामिल है।

युवती से शादी करने से इनकार

घनश्याम तिवारी

बलिया। बैरिया थाना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। जहां शादी तय होने के युवती से दो सालों तक युवक शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब युवती ने शादी के लिए युवक से कहा तो युवक शादी से मुकर गया। मामले की शिकायत परिजनों से करने पर युवक के मां–बाप व मामा ने गाली देने के साथ ही जान मारने की धमकी दी। इस मामले में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की तहरीर पीड़िता की मां ने बैरिया पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर पर युवक के साथ–साथ उसके मामा व मां–बाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि सिताबदियारा क्षेत्र की युवती की शादी एक गांव निवासी युवक से 2021 में तय हुई थी। शादी तय होने के बाद युवक का ससुराल आना–जाना शुरू हो गया,और पिछले दो वर्षों में उक्त युवती के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। अब शादी से इंकार कर रहा है?एसएचओ ने स्पष्ट किया है कि चारों आरोपियों पर दुष्कर्म व अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के लिए भेजा गया है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

आग में तीन झोपड़िया जलकर राख

घनश्याम तिवारी



बलिया। बाँसडीह रोड थाना अंतर्गत नरायनपुर घरौली बाजार में अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन झोपड़िया जलकर राख हो गई। इसके अलावा एक गाय व दो बछिया की जलकर मौत हो गई। वही घरेलू सामान भी जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तेज हवा होने के कारण आग पर काबू पाने में काफी फजीहत झेलनी पड़ी।बांसडीह रोड के नरायनपुर घरौली बाजार निवासी वह पूर्व प्रधान कैलाश यादव के घर में अज्ञात कारण से आग लग गई। अभी लोग कुछ समझ पाते की आग ने तेज हवा के कारण विकराल रूप धारण कर लिया और बगल के सीताराम यादव और श्रीकिशुन यादव के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। इस आगलगी में तीनों परिवारों के लाखों रुपए के घरेलू सामान जल कर राख हो गए। इसके अलावा एक गाय व दो बछिया भी जलकर मर गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

महाराष्ट्र से चोरी कर फरार चल रहे दो अभियुक्तों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

घनश्याम तिवारी

गोरखपुर। महाराष्ट्र में चोरी कर फरार चल रहे दो अभियुक्तों को एसटीएफ गोरखपुर ब्रांच ने महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त अभियान में कैंट थाना क्षेत्र से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थाना मानपाड़ा, जिला ठाणे, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु०अ०सं० 638/2022 धारा 454, 457, 380 भा०द०वि० में वांछित 02 अभियुक्त बबलू बनारसी कहार पुत्र बनारसी कहार निवासी किशुन्धर जोत थाना गोल्हौरा, जिला सिद्धार्थनगर चिन्टू चौधरी निषाद पुत्र चौधरी निषाद निवासी किशुन्धर जोत थाना गोल्हौरा, जिला सिद्धार्थनगर को रेलवे स्टेशन रोड, थानाक्षेत्र कैण्ट, गोरखपुर से लगभग 11.35 बजे गिरफ्तार किया ।थाना मानपाड़ा, जिला ठाणे, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु०अ०सं० 638/2022 धारा 454, 457, 380 भा०द०वि० में वांछित अभियुक्त बबलू बनारसी कहार व चिन्टू चौधरी निषाद की गिरफ्तारी हेतु महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एस०टी०एफ० से सहयोग मांगा गया था। मौका देखकर रात में छत के रास्ते मकान के अन्दर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिये और पुलिस से बचने के लिए वहाँ से अपने गांव सिद्धार्थनगर भाग आये थे। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना कैण्ट, में दाखिल कर अग्रिम कार्यवाही थाना मानपाड़ा, जिला ठाणे, महाराष्ट्र पुलिस द्वारा की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में एआरओ एवं समस्त टीम के साथ की बैठक

मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण एवं 20 से 26 में तक द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न होगा

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

बलिया। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया, ईडीसी इत्यादि के संबंध में समस्त एआरओ और समस्त टीम एवं बैलेट पेपर मुद्रण के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने एआर?ओ,ईआर?ओ और बैलेट पेपर प्रभारी अधिकारियों को सर्विस मतदाताओं एवं अन्य श्रेणियों(दिव्यांग एवं 85+मतदाताओं हेतु) के मतदाताओं के लिए डाक पत्र की छपाई एवं मुद्रण, सर्विस मतदाताओं द्वारा भेजे गए डाक मतपत्रों को प्राप्त कराना, मतदान कार्मिकों हेतु डाकपत्र,पोस्टल बैलट की गणना और मतगणना के पश्चात सूचनाओं को समयबद्ध रूप से तैयार किए जाने का कार्य संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त अधिकारियों से कहा कि 1 से 4 म ?ई तक मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण एवं 20 से 26 में तक द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न होगा 17 मई को नॉमिनेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पोस्टल बैलेट से संबंधित कार्य होता है। उन्होंने एआर?ओ प्रिंटिंग और प्रभारी पोस्टल बैलेट को 'कितने पोस्टल बैलेट छपवाना पड़ेगा इसकी संख्या का अनुमान लगाने संबंधी सूचना को 18 मई तक संग्रहित और प्राप्त करने का निर्देश दिया। कहा कि पोस्टल बैलेट की व्यवस्थाओं को लेकर निर्वाचन आयोग बहुत गंभीर है। इसलिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुरूप ही अपने से संबंधित प्रकोष्ठ के कार्यों की कार्य योजना निर्धारित समय के अनुसार तैयार करते हुए उसे अंतिम रूप प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता/शिथिलता को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा। कोई भी त्रुटि मान्य नहीं होगी। जिसको जो उत्तरदायित्व दिया गया है उससे संबंधित आयोग की गाइडलाइंस एवं हैंडबुक का गहनता से अध्ययन कर लें। कहा कि सभी नोडल अधिकारियों पर अपनी पूरी टीम का मार्गदर्शन करने, नियंत्रित करने और आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यों को संपन्न कराने का उत्तरदायित्व होगा।सभी अधिकारी अपने–अपने दायित्वों का सकुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे, ताकि जनपद में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समस्त अधिकारी चुनाव के दौरान प्राप्त होने वाले निर्देशों का शत शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, एडीएम डीपी सिंह,प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नौशीन ने यूपीएससी परीक्षा में 9वां स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण किया

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

कुशीनगर। महानगर के मेडिकल कॉलेज गेट के सामने रहने वाली और मूलतः कुशीनगर जनपद के पिपरा कनक निवासी नौशीन ने यूपीएससी परीक्षा में 9वां स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण किया है। इस सफलता से नौशीन ने अपने परिवार ही नहीं वरन सभी का मान बढ़ाया है। यह बातें वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी एवं साहित्यप्रेमी मुर्तजा हुसैन रहमानी एवं युवा शायर व समाजसेवी मिन्नत गोरखपुरी के संयुक्त नेतृत्व में नौशीन के आवास पर पहुंचकर उनका हौसला अफजाई किया गया। नौशीन को मुंह मीठा कर शुभकामनाएं व बधाई दी गयी। तत्पश्चात नौशीन को दोशाला ओढ़ाकर स्मृति चिन्हित देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यप्रेमी मुर्तजा हुसैन रहमानी ने नौशीन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, नौशीन ने यूपीएससी में उत्तीर्ण कर सबको फक्रसे भर दिया है। कम उम्र में बड़ी सफलता पाकर नौशीन ने लड़कियों के लिए आइडियल बन सभी का हौसला बढ़ाया है।

युवा शायर व समाजसेवी मिन्नत गोरखपुर ने नौशीन ने यूपीएससी में मिली कामयाबी पर मुबारकबाद देते हुए कहा कि, नौशीन ने यह साबित कर दिया कि मेहनत के बलबूते कोई भी मंजिल की राह को आसान बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यकीनी तौर पर वह युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत की प्रतीक बन चुकी हैं।इस अवसर पर कवयित्री आशिया सिद्दीकी ने नौशीन ढेर सारी मुबारकबाद देते हुए कहा कि नौशीन ने उन नाउम्मीद बच्चों और बच्चियों की उम्मीद बन गयी हैं। जो बच्चे प्रतियोगी परीक्षा में अभी तक सफल नहीं हुए हैं। वह बच्चे नौशीन से प्रेरित होकर प्रतियोगी परीक्षा में बैठने का मन बना लिया है। महानगर के युवा समाजसेवी मोहम्मद हमजा खान ने नौशीन को और उनके परिवार वालों को बधाई देते हुए कहा कि नौशीन की सफलता ने सभी को एक नया परवाज दिया है। उन्होंने कहा कि नौशीन की कामयाबी से हजारों लोग खुश हैं। सभी लोग नौशीन की सफलता पर उनके खुशियों में शामिल होकर एक दूसरे को खुशियों भरा मुबारकबाद पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब नौशीन के माता–पिता की मेहनत है। जिन्होंने नौशीन की मेहनत पर भरोसा जताया और आज उन्हें एक बड़ी चुनौतियों को दर किनार कर कामयाबी मिली। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार कलीमुल हक, साहित्यकार एवं स्वतंत्र पत्रकार कामिल खान, फजल खान, समीर, संतोष संगम, प्रेमनाथ मिश्रा एवं साहित्यकार प्रमोद चोखानी ने भी नौशीन के उज्जवल मुस्तकबिल की दुआएं दी हैं।

राजकीय बाल गृह निधारिया में अध्ययनरत बच्चियों के बीच पाठ्य सामग्री, फल एवं परिधान का वितरण

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

बलिया । युवा तुर्क चन्द्रशेखर जी की 97वीं जयंती पर राष्ट्रनायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राजकीय बाल गृह निधारिया में अध्ययनरत बच्चियों के बीच पाठ्य सामग्री, फल एवं परिधान का वितरण किया। साथ ही चन्द्रशेखर जी की स्मृति में राजकीय बाल गृह परिसर में वृक्षारोपण कर पूर्व प्रधानमंत्री के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। समिति के सचिव उपेन्द्र सिंह ने कहा कि इंसान हो या पशु–पक्षी, हर किसी को आक्सीजन की जरूरत होती है। बिना आक्सीजन के व्यक्ति एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकता है, इसलिए पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है। जिन्दगी के हर मोड़ पर पौधों की जरूरत पड़ती है। इसलिए इसकी महत्ता को हर किसी को समझना होगा। जब तक हर व्यक्ति के अंदर पेड़–पौधों का आदर नहीं होगा, तब तक पर्यावरण प्रदूषित होता जाएगा। इस अवसर पर वार्डेन मधु सिंह, उपेन्द्र सिंह, उमेश सिंह, आशीष त्रिवेदी, भवतोष पाण्डेय, मनोज शर्मा, अजय सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, रुस्तम अली, प्रदीप यादव, अनिल वर्मा आदि उपस्थित रहे ।

सुबह 6 बजे से देर रात तक 30 नुक्कड़ सभाओं में भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर शामिल हुए फिर से मोदी सरकार बनाने की सस्त्र अपील की

लोक तंत्र की आवाज

लखनऊ रत्ना । सरोजनीनगर विधानसभा के गांव, गली, कालोनी, शहर की जनता ने फिर से मोदी सरकार बनाने का लिया संकल्प भाजपा को वोट कर अपनी जेब का सांसद और फिर से मोदी सरकार बनाएं – कौशल किशोर मोहनलाल लोकसभा प्रत्याशी कौशल किशोर ने पूरे विधानसभा सरोजनीनगर के भाजपा के 06 मंडलों में सुबह से शाम तक की बैठकें। कौशल किशोर ने कहा जगह जगह विभिन्न गांवों और शहरों में हो रही बैठकों और नुक्कड़ सभाओं में जनता का स्नेह, उत्साह देखकर अभिभूत हूं। कौशल किशोर ने कहा मोदी सरकार की योजनाओं ने हर वर्ग हर समाज के गरीब के जीवन को आसान बनाया है, सभी का स्वाभिमान लौटाया है, सबका गौरव बढ़ाया है, जहां दूसरों से उम्मीदें खत्म हो जाती है ,वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है देश का जनमानस मोदी जी की गरीब कल्याण और विकासवादी गारंटियों का गवाह है जो बीते 10 वर्षों में पूरी हुई है। अब यह लोकसभा चुनाव गरीब कल्याण विकास के साथ–साथ विकसित भारत और पूरे विश्व में भारत को सुपर पावर बनाने का भी है इसके लिए मोदी सरकार जरूरी है इसलिए हर एक वोट कमल के फूल पर देकर फिर मोदी सरकार को लाना है। कौशल किशोर ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी तब भी मोदी जी ने हमारे देश के गरीब लोगों का भी ध्यान रखा उन्हें फ्री राशन देकर और रेहड़ी पटरी दुकानदारों के लिए पीएम स्वनिधि योजना लाकर करोड़ों चेहरों की मुस्कराहट बरकरार रखने का कार्य मोदी जी ने किया है।

कौशल किशोर द्वारा सुबह 6:00 बजे से खुशहाल गंज मंडल से शुरू हुई नुक्कड़ सभाओं में भारी संख्या में कार्यकर्ता और जनमानस की उपस्थिति रही उसके बाद पूरे दिन ग्रामीण और शहर के साथ कुल 30 नुक्कड सभाएं कर कौशल किशोर ने फिर से मोदी सरकार बनाने की अपील की।इन बैठकों में विधानसभा प्रभारी के के अवस्थी जी, विधानसभा संयोजक राजेंद्र बाजपेई जी, सांसद प्रतिनिधि प्रवीण अवस्थी जी, विधायक प्रतिनिधि पार्षद के एन सिंह जी मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष शिव बक्श, अनुज तिवारी, राजन मिश्रा , शिव प्रकाश मिश्रा , लक्ष्मी प्रसाद रावत, शाइस्ता अम्बर, सीमा सिंह, द्रोपदी रावत पार्षद, मनोज रावत , बीनु मिश्रा , अमर नाथ , संजय सिंह , ललित रावत , पुष्पेंद्र यादव , राजकिशोर, धर्मेंद्र , सतीश श्रीवास्तव, सक्षम त्रिपाठी, असेंद्र चौहान आदि साथी उपस्थित रहे।

ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने चैत्र श्रीरामनवमी पूजा के मौके पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के बारे में विस्तार से चर्चा

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी

बलिया। जनपद के सर्वेश्वर मानस मंदिर चौकियां मोड़ के तत्वावधान में चल रहे पंच कुण्डीय अद्वैत शिव शक्ति महायज्ञ एवं हनुमान महोत्सव के तीसरे दिन अद्वैत शिवशक्ति परमधाम डूहां मठ के परिव्रजकाचार्य स्वामी ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने चैत्र श्रीरामनवमी पूजा के मौके पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के बारे में विस्तार से चर्चा किया। कहा कि परमात्मा का तेज यदि अपने अस्तित्व पर आ जायेगा तो पृथ्वी,आकाश, तारे सभी लुप्त हो जायेंगे। कहा की भगवान श्रीराम का अवतार परमात्मा के रुप में होता है। गुरु महिमा की चर्चा में कहा कि जो शिष्य गुरुदेव की आत्मा में अपने को नहीं जोड़ पाता है, वह मूल रास्ते से भटक जाता है। इस लिए धरती पर विना गुरु के ज्ञान मिलना सम्भव नहीं है। कहा कि परमात्मा अजन्मा है। माता कौशिल्या के पेट में हवा भरा होता है। भगवान विष्णु धरती और आकाश के बीच कई रंगों के प्रकाश के बीच प्रकट होते हैं। फिर कौशिल्या के अनुरोध पर वे भगवान श्रीराम बालक का रुप लेते हैं। यहां पर मन शक्ति प्रभु के दर्शन के बाद काम नहीं करती है, सूचना पाकर खुशी में राजा दशरथ झूम उठते है। भगवान श्रीराम ने मर्यादा में रहकर अपनी अलौकिक लीला दिखाई, इस लिए मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रुप में देखे जाने लगे। बाबा ब्रह्मचारी ने नन्दरानी के घर भगवान श्रीकृष्ण के बालक रुप जन्म की चर्चा के साथ भगवान के अलौकिक महिमा की चर्चा विस्तार से की। पं.प्रवीण कृष्ण जी महाराज ने कहा कि शिव पुराण में भगवान शिव के पार्थिव पूजन का बड़ा महत्व है। ब्रह्म हत्या से भी इंसान मुक्त हो जाता है। इस पूजन को करने से सभी पापों से मानव मुक्त हो जाता है। जो भगवान शिव के भष्म को धारण करता है, उससे 100 कोसों दूर भूत प्रेत भागते हैं। शिवपुराण के अनुसार कहा गया है कि एकमुखी रुद्राक्ष सर्व श्रेष्ठ माना गया है। वैसे 14 मुखी रुद्राक्ष का वर्णन किया गया है। शिव महापुराण में कहा गया है कि 14 मुखी रुद्राक्ष श्रेष्ठ ब्राम्बण से मंत्रोच्चार के द्वारा पहनना चाहिए। कहा कि भगवान के अलग अलग कलाएं होती है, जिसमें लोगो का अलग–अलग मत है कि कृष्ण 16 कला पूर्ण थे लेकिन भगवान राम 12 कला ही पूर्ण थे। रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम ने जन्म लेकर यह बताना चाहा है कि 9 का पहाड़ा जितनी बार पढें, उसके उत्तर की जोड़ 9 ही होगी। प्रमाण देते हुए कहा कि जैसे 9 से 3 गुणा करने पर 27 आयेगा, इसका जोड़ भी 9 हुआ। इस प्रकार ऐसा माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने नवमी के दिन जन्म लेकर स्वयं को भी 16 कलाओं से पूर्ण सावित किया है। पंच कुण्डीय अद्वैत शिव शक्ति महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञ मण्डप में यज्ञाचार्य पंडित रेवती रमण के निर्देशन में बैदिक मत्रोच्चार के बीच पूजा–पाठ, आरती का कार्यक्रम सम्पादित हुआ। रामनवमी पर्व को अत्यन्त ही धूम–धाम से मनाया गया। सर्वेश्वर मानस मंदिर चौकियां मोड़ के मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के मौके पर पुड़ी, खीर, सब्जी का महाप्रसाद भी खिलाया गया। प्रतिदिन यज्ञ मण्डप का कथा श्रवण करने वाले भक्त परिक्रमा में लीन देखे गए।

पेपर लीक कराने वालों के घर का रास्ता आज तक बुलडोजर नहीं देख पाया

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

आजमगढ़। लोकसभा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने अपने सरफुद्दीन पुर चुनाव केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर इंडिया गठबंधन के नेताओं और पदाधिकारी के साथ बैठक की तथा चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा की। मीडिया से बात करते हुए धर्मेंद्र यादव ने कहा कि पेपर लीक की वजह से देश के युवाओं का भविष्य अंधकार मय हो गया है लेकिन पेपर लीक कराने वालों के घर का रास्ता आज तक बुलडोजर नहीं देख पाया हमारे देश के युवा बड़ी संख्या में सेना में अपनी सेवाएं देते थे जहां एक तरफ उनको रोजगार मिलता था वहीं दूसरी तरफ उनके मन में देश सेवा का अवसर, लेकिन अग्निवीर के माध्यम से सरकार ने उनका भविष्य भी अंधकारमय कर दिया। इलेक्टोरल बांड के माध्यम से सरकार द्वारा वसूली करवाई जा रही थी चंदा के बदले धंधा देने काम किया गया जिसने चंदा नहीं दिया उसके ऊपर ईडी सीबीआई की छापे डाले गए और यह सब काम उस सरकार ने किया जिसके मुखिया कहते थे ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। समाजवादी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश में डायल 100, मुफ्त एंबुलेंस जैसी सेवा दिया विश्व स्तरीय एक्सप्रेस वे दिया रोजगार सृजन करने का काम किया। आज देश और प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और इसकी शुरुआत कल से होने जा रही है बदलाव की जो हवा पश्चिम से शुरू हुई है वो आंधी का रूप लेने जा रही है। बैठक में समाजवादी पार्टी के विधायक वरिष्ठ नेता गण, कार्यकर्ता साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी, आम आदमी पार्टी, कंम्युनिस्ट पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

आज़मगढ़ : कारण बताओ नोटिस जारी

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

आज़मगढ़। ज़िले के मुबारकपुर से है जहां सोशल मीडिया पर एक लेटर वायरल हो रहा है वायरल लेटर उत्तरप्रदेश शासन का बताया जा रहा है जिसमें लिखा गया की डॉ सबा शमीम के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों में कुल आठ आरोप प्रथम दृष्टया सिद्ध पाए गए हैं . जिससे उत्तरप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 48 (2) में प्राविधानित व्यवस्था के दृष्टिगत कारण बताओ नोटिस जारी होने के दिनाँक से वित्तीय एवं प्रशासनिक पावर को तब तक प्रविरत (बर्मेम) किया जाता है । इस संबंध में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र का कहना है कि हमें कोई ऑफिसियल लेटर नहीं मिला है लोगों के द्वारा वाट्सअप के माध्यम से देखा गया है। नगर पालिका परिषद मुबारकपुर के 16 सभासदों ने बीते वर्ष 28 दिसम्बर को जिलाधिकारी सहित नगर विकास मंत्री को शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि नगर पालिका परिषद मुबारकपुर के गठन हुए लगभग सात माह व्यतीत हो जाने के उपरान्त अभी तक पालिका में केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याण की तमाम योजनाएं एवं विकास कार्य ठप पड़ा है। इसी आरोप के क्रम में उत्तर प्रदेश नगर विकास उपसचिव सजीवन ने मुबारकपुर नगरपालिका की चेयरपर्सन डॉ सबा शमीम का वित्तीय पावर सीज़ कर दिया है। इस पर शासन स्तर से अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया है। इस कार्यवाई से नगर पालिका के 16 सभासदों में खुशी है।पालिका बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव के क्रम में राज्य वित्त आयोग एवं 15वां वित्त आयोग अन्तर्गत कार्ययोजना तैयार करके अधिशासी अधिकारी द्वारा 25 नवम्बर को भेजा गया था जिस पर अध्यक्ष द्वारा स्वीकृति नहीं किए जाने के कारण निविदा की कार्यवाही नहीं हो पा रही है। इस मामले में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय नूपुर सिंह व रामयश यादव सहायक वित्त को चेयरपर्सन सबा शमीम व उनके पिता डॉ शमीम अहमद पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ लिखित बयान दर्ज कराया। उक्त जांच के क्रम में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय नूपुर सिंह ने चेयरपर्सन सबा शमीम को दूरभाष पर अवगत कराया गया की नगरपालिका कार्यलय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। लेकिन वह नगरपालिका कार्यलय नहीं गयीं तो नूपुर सिंह अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने चेयरपर्सन को नोटिस जारी करते हुआ कहा था कि कलेक्ट्रेट कार्यलय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। इस अवसर पर सभासद मो.नाज़िर, इरशाद अहमद, इरफान अहमद गुड्डू, सनी भाई, सुहेल अहमद, बेलाल हाशिम, नुरूलहोदा, बशीर अहमद, तनवीर अहमद, अरविंद कुमार, नईमुद्दीन, डॉ. फैज़ुर्रहमान, मुन्ना शिकारी ,अमीरुद्दीन, अनिल सागर, सुधीर कुमार, धर्मेन्द्र, चाँद भाई आदि शामिल रहे।

जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे देश में गर्मी की तीव्रता बढ़ी है

लोक तंत्र की आवाज

लखनऊ रत्ना। जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे देश में गर्मी की तीव्रता बढ़ी है। प्रदेश में गर्मी दस्तक दे चुकी है। मार्च के अन्तिम सप्ताह में पिछले वर्ष के सापेक्ष 02 से 03 डिग्री तापमान अधिक रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) के अनुसार माह अप्रैल से जून के मध्य सामान्य से अधिक तापमान रहने की आशंका है। देश में सात चरणों में हो रहे आम चुनाव के दौरान गर्मी का प्रकोप रहेगा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मा0 उपाध्यक्ष ले0 जनरल योगेन्द्र डिमरी] पी0वी0एस0एम0] ए0वी0एस0एम0] वी0एस0एम0((से.नि.) ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा माह मार्च में ही उ0प्र0 स्टेट हीटवेव एक्शन प्लान–2024 तैयार कर समस्त विभागों एवं जनपदों को उपलब्ध करा दिया गया है, जिसमें लू से बचाव हेतु विभागवार जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गई हैं। प्रदेश के समस्त जनपदों के द्वारा भी जिला हीटवेव एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है और जनपद स्तर पर हीटवेव से बचाव हेतु निरंतर एडवाइजरी जारी की जा रही है। उन्होने बताया कि प्राधिकरण द्वारा हीटवेव से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर मण्डल] तहसील] ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक वितरण हेतु उपलब्ध कराये गये है। उपाध्यक्ष महोदय ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि कड़ी धूप में] विशेषकर 12 बजे से 03 बजे तक] अनावश्यक बाहर न निकलें, प्यास न लगने पर भी बार–बार पानी पियें, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा का इस्तेमाल करें। यात्रा के दौरान साथ में पानी अवश्य रखें,यदि बाहर जाना आवश्यक है तो गीले कपड़े को अपने सिर और गर्दन पर रखें,घर मे बना पेय पदार्थ जैसे–लस्सी, नमक–चीनी का घोल, नीबू का पानी, छाछ इत्यादि का प्रयोग करें, खाना बनाते समय खिड़कियाँ खुली रखें। शराब, काफी जैसे पेय पदार्थों का सेवन न करें। धूप में खड़े वाहनो में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें, स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुने और तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। लू तापमन जानलेवा हो सकता है, इससे बचाव ही उपचार है।बढ़ते तापमान व लू–प्रकोप के दृष्टिगत मतदाताओं से अपील▪ वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति एवं गर्भवती महिलाएँ प्रातः काल में मतदान करें।▪ हल्के रंग और पूरे आस्तीन के सूती वस्त्र धारण करें।▪ तरल पेय पदार्थो का सेवन करते रहें। मतदान स्थल तक जाने हेतु छाते और सर ढ़कने के लिये गमछा/दुपट्टा/टोपी का प्रयोग करें ।

छोटे बच्चों को मतदान स्थल पर न लेकर जायें। तार में खड़े वृद्ध,शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में प्राथमिकता दें। मतदान स्थल पर यदि कोई लू व डायरिया आदि से प्रभावित होता है तो तत्काल बी0एल0ओ0 से ओ0आर0एस0 प्राप्त कर प्रभावित व्यक्ति को दें। यदि आवश्यक हो तो 108 नम्बर पर सम्पर्क कर एम्बुलेंस की सहायता प्राप्त करें। प्रत्येक मतदाता, राष्ट्र निर्माता–स्वयं का और अन्य का

संक्षिप्त खबरें ।

पीरपैंती : दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का किया भव्य शुभारंभ

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती/ कहलगांव। कहलगांव प्रखंड अंतर्गत बुद्चक गांव में चैत्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा दो दिवसीय कुश्ती (दंगल)का आयोजन किया गया। जिसमे 20 जोड़ी पहलवानो ने हिस्सा लिए, वही पहले दिन के खेल में अजमेरी बिशनपुर ,किशनदासपुर,कहलगांव टोला,बरोहिया, रानीदियारा, बुद्चक सहित इलाके के पहलवानों ने हिस्सा लिया। वही प्रतियोगिता का शुभारंभ मुखिया लालू सिंह,जयशंकर राय,भारत भूषण यादव,अरविंद मंडल,सिकंदर यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने फीता काट कर दंगल का शुभारंभ किया।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में महेंद्र, मांगण रहे उद्घोषक की भूमिका अशोक राम ,निखिल रंजन ने निभाया।

बीएलओ द्वारा कई क्षेत्रों में नहीं बांटे गए मतदान के पर्ची, मतदाताओं में आक्रोश

सुनील कुमार
नवादा : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को नवादा लोकसभा क्षेत्र में होना है। इस दौरान मतदाताओं को घर-घर जाकर उनके मतदान की पर्ची दिए जाने की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। जिला प्रशासन की ओर से सभी बीएलओ को मतदान की पर्ची घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच बांटने का निर्देश दिया गया था। इसके आलोक में कई क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची मतदाताओं के पास नहीं पहुंचाया गया है , जिससे मतदाताओं में उहापोह और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। मतदाताओं का कहना है कि हमारे सामने न तो कोई उम्मीदवार वोट मांगने आए और ना ही कोई बीएलओ के द्वारा मतदान की पर्ची उपलब्ध कराई गई है। ऐसे में मतदान कर पाना मुश्किल प्रतीत होता है । जब मतदान केंद्र तक पहुंचने पर कोई भी पर्ची नहीं रहेगा तो सीरियली नंबर खोजने में मतदाताओं को काफी समय गंवाना पड़ सकता है । ऐसी स्थिति में सारे लोग आक्रोश में है और इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से कर चुके हैं। नवादा शहर के गोला रोड, पुरानी बाजार, न्यू एरिया, प्रसाद बीघा, मंगर बीघा, मेन रोड , अस्पताल रोड ,पुरानी जेल रोड जैसे कई क्षेत्रों में बीएलओ के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदान की पर्ची उपलब्ध नहीं कराई गई है । जिससे मतदाताओं में आक्रोश व्याप्त है ।

नारदीगंज में 95 हजार 567 मतदाता देंगे वोट आज

नारदीगंज(नवादा)। लोकसभा चुनाव शुक्रवार को होगा। चुनाव को प्रशासनिक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। चुनाव सुबह सात बजे शुरू होगी,जो छह बजे तक मतदाता वोट देंगे। बीडीओ रंजीत कुमार ने बताया नारदीगंज प्रखंड में ग्यारह पंचायत हैं। इस सभी पंचायतों में कुल 95 हजार 567 मतदाता हैं,जिसमे 49 हजार 193 परुष मतदाता हैं,वही 46 हजार 374 महिला मतदाता वोट डालने का कार्य करेंगे।इनमें दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वाले 17 मतदाता हैं,वे वैसे मतदाता हैं ,जो मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए पहुंच पाएंगे,उन्हें बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था की गई है।कहा गया पर्दानसी के लिए 26 मतदान केंद्र बनाए गए है,जहां पर्दानसी मतदाताओं की पहचान के लिए आंगनबाड़ी सेविका और शिक्षक को सभी 26 मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्ति की गई हैचुनाव को लेकर 15 सेक्टर बनाया ज्ञान है,उन सभी पर सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्ति की गई है।कहा गया चुनाव के मद्दे नजर नारदीगंज प्रखंड में 101 मतदान केंद्र बनाए गए है,यह मतदान केंद्र 67 भवन में है। जिसमे एक मतदान केंद्र वाले भवन 42 हैं,दो मतदान केंद्र वाले 18 भवन,तीन मतदान केंद्र वाले पांच भवन और चार मतदान केंद्र वाले दो भवन हैं,जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव को लेकर कई मतदान केंद्र सामान्य, संवेदनशील और अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है।

छपरा : शहर में शांतिपूर्ण संपन्न हुई रामनवमी की शोभायात्रा

लोकतंत्र की आवाज

शकील हैदर ब्यूरो
छपरा:-शहर में बुधवार की संध्या में रात भर शोभा यात्रा का भ्रमण पूरे शहर में किया गया भगवान श्री राम की 14 फीट ऊंची भाव प्रतिमा शामिल थी जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम अपने हाथों में धनुष धारण किए थे इसके साथ-साथ 12 फीट ऊंची प्रतिमा शोभा यात्रा में शामिल रही श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा दहियावां पंकज सिनेमा से आरंभ होकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घुमाई गई इसमें शामिल श्रद्धालु के जय घोष में शामिल श्रद्धालुओं से वातावरण गूंज उठा श्रद्धालु परंपरागत हथियार, तलवार, भाला , गड़ासा लेकर चल रहे थे जिसमें शोभा यात्रा की रौनक बढ़ रही थी। शोभा यात्रा का मार्ग भगवा रंग के झंडे से पाठ दिया गया था पूरा शहर में भगवा वही भगवा नजर आ रहा था चाहे वह बच्चे बूढ़े जवान हो सभी दर्शन करने के लिए कड़ी धूप में शोभा यात्रा मे रामजी की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे वही जगह-जगह राम जी की बारात में भंडारा भी चल रहा था शहर के लायंस क्लब रोटरी क्लब और कई समाजसेवी व्यापारी के साथ भगवान बाजार आशीर्वाद मार्केट कंपलेक्स के अभिजीत श्रीवास्तव द्वारा भी भंडारा का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष विशेष रूप से किया गया था सभी के मुंह पर एक ही नारा था जय श्री राम जय श्री राम।

शांति पूर्व महल में सामपन हुए रामनवमी पूजा उत्सव

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा- शांतिपूर्ण माहौल में पूर्ण हुआ रामनवमी महोत्सव पूजा व जुलुश कार्यक्रम,बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ सम्पूर्ण कार्यक्रमों का सफल निर्वाहन करने में अहम भूमिका निभाई है,जगह जगह सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ साथ तीन मंदिर स्थलों से निकाले गए हजारों की संख्या में अखाड़ा जुलुश शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ।स्थानीय नगवासियों व मंदिर स्थलों के सामाजिक लोगों ने कहा कि चुनावी माहौल और आचार संहिता के अंतराल में इतने बड़े कार्यक्रमों का शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित होने का श्रेय स्थानीय प्रसाशन को जाता है।

गायघाट में दूसरे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार
गायघाट । गायघाट में पुलिस के कार्यशैली से नाराज लोग आमरण अनशन पर बैठे हैं।दूसरे दिन बीडीओ डां संजय कुमार राय अनशन स्थल पर पहुंचे। उनहोंने अनशनकारियो से बातचीत की और घटना के बारे में पूरी जानकारी ली है। बताते चलें कि पुरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के गयाघाट थाना क्षेत्र के मैठी गांव का है। जहाँ बीते 4 अप्रैल को शराब के खिलाफ़ गायघाट थाना की पुलिस छापेमारी करने पहुंची थीं।इस दौरान वहां के महिलाओ ने गायघाट थाना प्रभारी पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाया था। महिलाओं का आरोप था कि घर में कोई पुरुष नहीं था। इसके बावजूद गायघाट थाना प्रभारी कई गाडी से उनके यहां बिना महिला सिपाही के देर रात उनके घर पर छापेमारी करने

अनशनकारी से मिलने बीडीओ पहुंचे

पहुंचे। छापेमारी के दौरान घर के महिला और एक नाबालिग लडकी की पुलिस ने जमकर पिटाई कर दी। जिसमे दोनों बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। वही इस पूरे मामले के बाद बीजेपी के कई नेता पीड़ीत परिवार से मिलने पहुंचे और संबंधित थाना प्रभारी पर कारवाई का आश्वासन भी दिया। लेकीन आज तक कोई कार्रवाई नही हुई।जिसके बाद आज़ पीड़ित परिवार के दरवाजे पर ही पीड़ित परिवार और स्थानीय लोग आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। आमरण अनशन पर बैठे लोगो ने कहा है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा। थाना प्रभारी पर कार्रवाई नहीं होगी। आमरण अनशन जारी रहेगा।

पूजा पंडालों में भगवती दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। प्रखंड के विभिन्न चैती दुर्गा मंदिरों में दशमी तिथि को दर्शन पूजन को लेकर के गुरुवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। प्रखंड के इसीपुर बाराहाट स्थित ऐतिहासिक योगी वीर पहाड़, पीरपैंती बाजार मंदिर, बघुवा टोला मंदिर, बाबा मनोकामना नाथ मंदिर, बाखरपुर, दिलौरी ,काली प्रसाद, शादीपुर, कोरियाचक ,सहित विभिन्न पूजा पंडाल में भक्तों का ताता लगा रहा। महिलाओं ने डालियां और खोइछा चढ़ाया। गुरुवार होने के कारण भगवती का विसर्जन शुक्रवार को होगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से मेला देखने के लिए भक्तों की भीड़ रही।

जिलाधिकारी ने गेहूँ फसल कटनी प्रयोग का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

शकील हैदर ब्यूरो
सारण,छपरा :जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा आज सदर प्रखंड अंतर्गत पूर्वी तेलपा पंचायत में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा प्रायोजित ₹गेहूँ फसल कटनी प्रयोग₹ का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्वी तेलपा के किसान बलदेव सिंह के खेत में स्वयं हँसिया चला कर इसका शुभारंभ किया। कटनी के उपरान्त 10 मीटर 05 मीटर क्षेत्रफल (50 वर्ग मीटर) से 14 किलो 270 ग्राम गेहूं प्राप्त किया गया।जिसका प्रति हेक्टेयर उत्पादन 28.54 क्विंटल पाया गया। जिलाधिकारी ने उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता , सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्राधिकृत पदाधिकारियों को फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। फसल कटनी प्रयोग में मानक उपकरणों का ही प्रयोग सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला स्तर से प्रत्येक प्रखंड में तीन सेट मानक उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी तथा संबंधित किसान उपस्थित रहे।

भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर बिंदु धाम मंदिर से निकले राम भक्तों की टोली

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहरवा- मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर बिंदु धाम मंदिर से निकली राम भक्तों की टोली भव्य शोभायात्रा में जिस तरह से राम भक्त काफी उमंग उत्साह वर्धन हर्सोल्लास के साथ शोभायात्रा को शांतिपूर्ण वातावरण में पूर्ण किया ।इसे लेकर सभी राम भक्तों पर भगवान श्री रामचंद्र मां विंध्यवासिनी पहाड़ी बाबा की कृपा बराबर मिलता रहे। वही राम भक्तों की शोभायात्रा को मंदिर प्रांगण से निकालकर पतना व बरहरवा नगर में पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ अपने कर्तव्य का पालन करते हुए राम भक्तों की शोभायात्रा को संपन्न करवाने में बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा रांगा थाना प्रभारी अनूप सिंह एवं बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह के अलावे तमाम सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस के जवानों को दिल से आभार धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

बेनीबाद: करंट लगने से चौकीदार की मौत

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार।
गायघाट। बेनीबाद ओपी क्षेत्र के सुस्ता पंचायत के बदिया में स्थानीय चौकीदार राजेश्वर सहनी (55) वर्षीय की करेंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के सभी इलाकों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग जुट गये। मृतक बेनीबाद थाने में चौकीदार के रूप में कार्यरत थे।इनकी पत्नी सुदामा देवी सुस्ता पंचायत के सरपंच है।घटना की जानकारी मिलने पर बेनीबाद पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की जांच की। ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने बताया कि करेंट लगने से मौत हुई हैं। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया हैं ।ग्रामीणो ने बताया कि वह चौकीदार के साथ एक मिलनसार भी थे।इनके निधन पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है।

कई प्रकार के खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। रामनवमी पूजा समिति गोविंदपुर द्वारा किया गया विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन। तीन दिनों से चल रहे राम नवमी मेला के तीसरे और अंतिम दिन आज समिति द्वारा गोविंदपुर के श्री रामहाट परिसर में क्विज,चित्रकला,गणित रेस,भाषण प्रतियोगिता, गुब्बारा रेस,साइकिल रेस,आदि खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी एवं समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।पर्यावरण और शिक्षा पर आधारित इस खेल में प्रथम आने पर शिल्पी राज,सोनी कुमारी, छोटू,पायल कुमारी, कृष्णा कुमारी,सोनम कुमारी,साक्षी कुमारी,सोनू,शुभम कुमारी तथा दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संजीवनी गंगा की ओर से कप,मेडल,कापी,कलम प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग सौ विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से 26अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा जल संरक्षण करने का संकल्प भी लिया। मैके पर मेला समिति के अध्यक्ष पंकज कु मार ,सचिव,दीपक यादव,कोषाध्यक्ष, अशोक मंडल,उपाध्यक्ष,मोहन मंडल, पी0 बी0 राज,जय जय राम,राजकुमार, उप सरपंच,किशोर मंडल ,जयवर्धन,केशव मंडल,शंभू कुमार,प्रकाश श्रावणआदि सभी सदस्य सम्मिलित हुए। जबकि मंच संचालन संजीवनी गंगा के संस्थापक मो0 अयाज ने किया।

बरहरवा : कलर्स बिसर्जन के साथ नौ दिवसीय नवरात्रि का समापन हुआ

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख
बरहरवा- : कलश विसर्जन के साथ नौ दिवसीय नवरात्री का समापन हुआ। नवरात्री के दशवे दिन अहले सुबह से ही शहर के सकरूगढ़ चैती दुर्गा मंदिर, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा मंदिर, जिरवाबाड़ी छोटा पंचगढ़ तुरी टोला चैती दुर्गा मंदिर, चौक बाजार दुर्गा मंदिर सहित दुर्गा मंदिरों व घरों में स्थापित कलश का वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन करके विधिवत रूप से स्थानीय गंगा तट में कलश विसर्जन नम आंखों से किया। मंदिर के कलश विसर्जन यात्रा में सैकड़ों की तादाद में महिला भक्त शामिल होकर विदाई दिया। इससे पूर्व समिति की ओर से दुर्गा मां को अपराजिता चढ़ाया, खोयचा बांधा गया, दही चूड़ा का भोग लगाया गया। दुर्गा मां, सरस्वती व लक्ष्मी मां को महिलाओ ने मांग में सिंदूर लगाया। सुहागन महिलाओ ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला।

संक्षिप्त खबरें I

नगर में लाखों की लागत से शुद्ध पेयजल के लिए लगे एटीएम मशीन सभी जगहों पर खराब

बगहा। नगर परिषद प्रबंधन ने दो साल पूर्व नगर के अनुमंडलीय अस्पताल, अनुमंडल कार्यालय , विमल बाबू खेल मैदान समेत शहर के सात जगहों पर लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए वाटर एटीएम लगाया था। विभाग की सोच थी कि शहर में आने वाले सभी को लोगों सहित आस–पास के लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इन जगहों पर वाटर एटीएम लगने के बाद कुछ माह तक लोगों को प्यास बुझ रहा पाया। बताते चलें की उत्तर प्रदेश व नेपाल सीमा पर स्तिथ अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी व आपातकाल में इलाज कराने आए मरीज व उनके स्वजन सहित कर्मियों को भी इसका लाभ मिलता रहा। कुछ दिन के बाद यह खराब हुआ, तो कनीय अभियंता प्रदीप कुमार की देख रेख में इसे ठीक कराया गया था। अब ठंड के मौसम के बाद गर्मी शुरू होगी। नगर में लाखों की लागत से बनी एटीएम मशीन सभी जगहों पर खराब पड़ी है। अनुमंडलीय अस्पताल में आए मरीज पानी के लिए चापाकल या बाहर से पानी क्रय करने को मजबूर हैं। इस संबंध में प्रभारी उपाधीक्षक डॉ के बीएन सिंह ने बताया कि नगर परिषद प्रबंधन को इसे ठीक करने के लिए कहा गया है।

एक अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन जांच में बगहा पुलिस द्वारा 1,52,000 रुपए का लगाया गया जुर्माना

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा
बगहा। बगहा पुलिस जिला द्वारा बुधवार को विगत 24 घंटा में कुल 01 गिरफ्तारी की गई है।कुल–07 जमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज प्रेस रिलीज जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि धनहा थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के कम में यातायात थाना द्वारा–38,000, पटखौली थाना द्वारा 61,000, बगहा थाना द्वारा–30,000, चौतरवा थाना द्वारा–12,000, धनहाँ थाना द्वारा–8,000, रामनगर थाना द्वारा–3,000 इस प्रकार कुल–1,52,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।एक अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन जांच में बगहा पुलिस द्वारा 1,52,000 रुपए का लगाया गया जुर्माना बगहा। बगहा पुलिस जिला द्वारा बुधवार को विगत 24 घंटा में कुल 01 गिरफ्तारी की गई है।कुल–07 जमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज प्रेस रिलीज जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि धनहा थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के कम में यातायात थाना द्वारा–38,000, पटखौली थाना द्वारा 61,000, बगहा थाना द्वारा–30,000, चौतरवा थाना द्वारा–12,000, धनहाँ थाना द्वारा–8,000, रामनगर थाना द्वारा–3,000 इस प्रकार कुल–1,52,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

संवेदक द्वारा डेरूआ नदी पर बने पुल तोडे जाने पर आम जनता में आक्रोश

क्षितिज राज
बेतिया। सिकटा प्रखंड क्षेत्र के सरगटिया डेरूआ नदी पर विगत 65 वर्ष पुर्व नेवानी मियां द्वारा अपने निजी खर्च से बनाये गये पुल को संवेदक सुरज कुशवाह द्वारा बुलडोजर से तोड़े जाने पर आम जनता में आक्रोश बढ़ गया है इस संबंध में रुस्तम अली, मोहमद समिम, मोतीलाल साह, सराजुल मिया, विक्की गिरी रामबाबू साह आदि का कहना है कि अब यह पुल दर्जनों गांवों को जोड़ने का सहारा है और पुल के 100 मीटर दूर नए पुल का निर्माण मुख्यमंत्री योजना से प्रारंभ हुआ है जो फाइनल फाउंडेशन तक पहुंच गया है परन्तु संवेदक द्वारा जानबूझकर इस पुराने पुल को तोड़ा जा रहा है जों सरासर ग़लत है ऐसी हालत में कई गांव के ग्रामीणों का आने–जाने का रास्ता बाधित होगा तो ऐसी हालत में सभी ग्रामीण जिला प्रशासन से उक्त संवेदक पर कार्यवाही की मांग करते हुए पुराने पुल की जगह नए पुल की निर्माण की मांग की वही संवेदक से संपर्क करना चाहा गया संपर्क नहीं होने के कारण संवेदक की प्रत्रिम्या नहीं मिल सका ।

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने किया प्रेस वार्ता राजद पर किया करारा वार,राजद और कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ झूठ बोलने वाले लोग हैं

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने राजद को दिखाया आइना, पूछे कई सवाल

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा

बगहा । जनता दल यूनाइटेड ने राजद और कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। यह लोग सिर्फ झूठ बोलने वाले लोग हैं। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। इस कारण ये लोग झूठ बोलते हैं, वही कांग्रेस के प्रत्याशी अब तक 6 सीट पर भी दावेदारी नहीं की, इसलिए ये लोग मैदान में नही आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिसका एक सांसद और सरकार नहीं हो वे लोग रोजगार देने की बात करते हैं यह कितना हास्यास्पद है। उक्त बातें बगहा में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कही। इन्होंने राजद–कांग्रेस गठजोड़ पर जम कर हमला किया है, उन्होंने कहा कि राजद–कांग्रेस जैसी पार्टियां अपने प्रमुख परिवारों में इतनी अंधी हो चुकी हैं कि उन्हें जनता का हित दिखायी देना बंद हो गया है. यह राजद–कांग्रेस का कुशासन ही था जिसने गाँधी के चंपारण को मिनी चंबल के नाम से कुख्यात कर दिया था. आज भले ही नीतीश सरकार में परिस्थितियां बदल गयी है लेकिन राजद–कांग्रेस के नेताओं की मानसिकता जस की तस है. इन्हें विकास से इतनी चिढ़ है कि यह अभी भी जनता को बरगलाकर बिहार और चंपारण को फिर से लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं. यह लोग जान लें कि जमाना बदल चुका है, उनका झूठ अब चलने वाला नहीं है.राजद को झूठ की दुकान बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह राहुल गाँधी झूठ के सहारे चर्चा में बने रहना चाहते हैं, उसी नीति पर अब राजद के युवराज भी चल चुके हैं चाहते. इनका पूरा समय नये झूठ गढ़ने और उसे भुनाने की कोशिशों में निकल नहीं है. सीना ठोक कर झूठ बोलने के यह इतने आदि हो चुके हैं कि इन्हें नीतीश सरकार के कामों का झूठा श्रेय लेने में भी शर्म नहीं आती. 'हिट एंड रन' की शैली में तेजस्वी रोज दूसरों पर सवाल उठाते हैं लेकिन जब उनसे सवाल पूछे जाते हैं तो वह भाग याड़े होते हैं. तेजस्वी को बताना चाहिए कि आखिर सवालों का सामना करने से वह डरते क्यों हैं?

राजद से सवाल पूछते हुए

उन्होंने कहा कि जनता को विकास का झूठा पाठ पढ़ा रहे राजद नेताओं को बताना चाहिए कि क्या यह सच नहीं है कि उनके 15 वर्षों के शासन में 114 नरसंहार हुए थे, जिसमें महिलाओं, बच्चों समेत हजारों लोगों ने अपनी जाने गवाई थी? राजद बताएं कि इनका जिम्मेवार कौन था? वह बताये कि क्या नीतीश सरकार ने इसे बंद नहीं करवाया?उन्होंने पूछा कि क्या राजद काल में अपहरण, रंगदारी और भ्रष्टाचार उद्योग की तरह नहीं चलते थे, जिनपर नीतीश राज में लगाम लगी ? राजद बताये कि लालू जी का सावन में मटन बनाना, तेजस्वी जी का नवरात्र में मछली खाना और उनके नेताओं का रामचरितमानस व मां दुर्गा को गाली देना आखिर सनातन का अपमान कैसे नहीं है? ऐसे ओछी राजनीति राजद किसके कहने पर कर रहा है? जदयू प्रवक्ता ने पूछा कि नीतीश जी के 7 निश्चयों के तहत दी गयी बहालियों का झूठा श्रेय ले रहे तेजस्वी को बताना चाहिए कि क्या शिक्षकों की बहाली के समय इनके शिक्षा मंत्री ऑफिस जाते थे? बहालियों की फाइल पर उनके दस्तखत क्यों नहीं है? वह बताएं कि राजद के 15 साल के राज में कितनी नौकरियां दी गयी थीं? राजद बताये कि उनके राज में चीनी मिल, मोर्टन चॉकलेट ने जैसे अनगिनत कारखाने बंद क्यों गये थे? क्यों उनके राज में बिहार के युवाओं और व्यापारियों को सामूहिक पलायन करना पड़ता था?उन्होंने कहा कि राजद बार–बार आरक्षण की बात करता है. उसके नेता बताएं कि क्या अपने राज में उन्होंने किसी एक वर्ग को भी आरक्षण दिया या उनके आरक्षण को बढाया? वह बताएं कि क्या यह सच नहीं है कि कर्पूरी ठाकुर के बाद नीतीश कुमार एकमात्र ऐसे राजनेता हुए जिन्होंने गरीबों, अतिपिछड़ों व महिलाओं के आरक्षण को बढ़ाया है? तेजस्वी को यदि युवाओं की इतनी ही चिंता है तो वह बिना किसी काम धंधे के नाबालिग रहते हुए ही करोडपति बनने का नुस्खा क्यों नहीं बता देते?भ् उन्होंने कहा कि वास्तव में राजद और विकास में हमेशा 36 का आंकड़ा रहा है. इनके लिए विकास का मतलब अपने परिवार की संपत्ति बढ़ाना, आरक्षण का मतलब अपने परिजनों के लिए राजनीतिक सीटें आरक्षित करना, गरीबों की भलाई का मतलब उनकी जमीनें लेकर छोटी–मोटी नौकरियां देना और राजनीति मतलब पूंजीपतियों और बाहुबलियों को अपने पाले में लेकर परिवार का राजनीतिक भविष्य सुरक्षित करना है. यह लोग जान लें कि इनका खेल जनता जानती है और इस चुनाव में भी उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिलेगा

लोक सभा चुनाव को लेकर नगर में चलाया गया वाहन जांच अभियान

लोकतंत्र की आवाज

बगहा। लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। शराब सहित अन्य असामाजिक तत्वों की खोज खबर के लिए नगर थाना की पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया। इस कड़ी में एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग के नगर थाना के समीप एडीपीओ कुमार देवेंद्र के अगुवाई में यातायात थाना व नगर थाना के द्वारा नगर में चलाया गया वाहन जांच अभियान। इस जांच अभियान में चार पहिया सहित अन्य वाहन चालकों को रोक कर ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण, डिक्की सहित गाड़ी से संबंधित सभी कागजों की गहनता से जांच की गई। इस जांच अभियान में एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष एसआई मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे। इस वाहन जांच अभियान के दौरान वाहन चालकों से जुर्माना भी वसूला गया। इस वाहन जांच में बिना कागज़ के गाड़ी चलाने वाले अपना रास्ता बदलते नगर आए। एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि वाहन जांच अभियान लगातार चलेगा। ऐसे में वाहन चालक सम्बंधित कागज़ात लेकर चले।

भीतिहरवा गाँधी आश्रम मे मनाई गई विश्व विरासत दिवस

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा / गांधी संग्रहालय भितिहरवा में गुरुवार को विश्व विरासत दिवस मनाई गई । इस अवसर पर आश्रम परिसर मे एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे समाजसेवी, कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय तथा मध्य विद्यालय श्रीरामपुर के छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन आश्रमकर्मी अनिरुद्ध राउत ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम ी लिपिक रत्नेश वर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे समाजसेवी अनिरुद्ध चौरसिया का स्वागत किया गया। गांधी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिरुद्ध चौरसिया ने कहा कि विरासतों को बचाना हम सब की जिम्मेवारी है। गांधी के बताए गए मार्गों पर चलकर इस जिम्मेवारी को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बच्चियों को कई कहानियों से अवगत कराया। कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुदिष्ट कुमार कहा कि हमें कल्चर के महत्व के बारे में जानना चाहिए । वही आवासीय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रीता सोनी ने छात्राओं को पुरानी धरोहरों के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने 1917 के महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित राजकुमार शुक्ल, प्रहलाद भगत, शेख गुलाब, संत राउत, पीर मोहम्मद मुनिस, शीतल राय सहित कई स्वतन्त्रता सेनानियों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की आज भी 1917 के परिजन उपेक्षित है। सरकार द्वारा स्वतन्त्रता सेनानी के इन परिवारों को स्वतन्त्रता सेनिनी के आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है, जो निंदनीय है। श्री चौरसिया ने चम्पारण मे अंग्रेजो द्वारा किसानो पर ढाहे जा रहे जुल्म की विस्तारपुर्वक चर्चा की।मौके पर गोलू कुमार, सुजीत कुमार, ममता कुमारी, काजल कुमारी, मेघा कुमारी, पूजा कुमारी, सुनिधि कुमारी, करीना कुमारी, मेनिका कुमारी, देवी कुमारी, आंचल कुमारी, सहित सैकड़ो की संख्या में छात्राएं व अन्य लोग उपस्थित थे।

लक्ष्मीपुर गांव में आगलागी की घटना से करीब एक दर्जन घर जलकर राख हो गया

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

दोपहर के समय में आग जलाने से बचे और हमेशा सजग रहे जब भी भोजन पकाए तो पूरी सावधानी बरते और पास में बाल्टी में पानी जरूर रखे : मुखिया पायल मिश्रा प्रखंड बगहा एक स्थित पतिलार पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव के वार्ड नंबर 17 में दोपहर लगभग 5 बजे के करीब अचानक से आग लग जाने से करीब एक दर्जन घर जल कर खाक हो गए आग लगने की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा ने स्थानीय चौतरवा थाना और बथुवरिया थाना को फोन कर फायरग्रेड को जल्द से जल्द पहुंचने को कहा आग इतनी भयानक थी की देखते ही देखते दर्जनों घर को अपनी गिरफ्त में ले लिया जबतक दमकल की 3 गाडियां आ पहुंची जिससे स्थानीय लोगो और दमकल कर्मियों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया आग की भयावहता को देख कर पूरा लक्ष्मीपुर गांव सहम गया था लेकिन समय पर दमकल की गाड़ियों के आ जाने से बहुत बड़े स्तर के आगजनी को रोका जा सके वही मुखिया पायल मिश्रा ने महिलाओं से अपील किया की दोपहर के समय में आग जलाने से बचे और हमेशा सजग रहे जब भी भोजन पकाए तो पूरी सावधानी बरते और पास में बाल्टी में पानी जरूर रखे और मवेशियों के पास आग जलाने से बचे थोड़ी सी भी असावाधानी बड़े संकट को खड़ा कर सकती है उन्होने कहा कि सभी पीड़तिों को सरकार से मिलने वाली जो भी सुविधाएं है उसको जल्द से जल्द दिलवाने का कार्य किया जायेगा डॉ अभिषेक मिश्रा ने फायरब्रिगेड के साथ ही अपने सहयोगियों में रिंकु मिश्रा, गोबिंद कुमार, धुरंधर यादव सहित तमाम युवाओं को भी मौके पर भेजा जिससे आग बुझाने में काफी राहत सहूलियत मिली पीड़तिो में अर्जून यादव, एकबाल यादव, रामचंद्र यादव, बागड़ यादव, प्रवेश यादव, जितेंद्र यादव, कमलेश यादव, लालबाबू यादव आदि थे वहीं जिला परिषद प्रतिनिधि सोनू यादव ने पीड़ति परिवारों से मिलने पहुंचे सभी पीड़ति परिवारों को अपने तरफ से तथा सरकार की तरफ से मदद करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि जितना हमसे होगा आप लोगों के लिए करेंगे सरकार से भी जो मदद होगा दिलवाने का प्रयास करूंगा वही मौके पर वार्ड बड़ा उपाध्याय , समाज सेवी विश्वाशी यादव, हजारों की संख्या में लोगो के साथ चौतरवा थाना व बथुवरिया थाना की दमकल की गाड़ी के साथ साथ पुलिस प्रशासन भी मौजूद रही।

जिला समाहारणालय मे आज होगा गौनाहा प्रमुख व उपप्रमुख के भाग्य का फैसला

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा। प्रमुख जयप्रकाश पासवान व प्रमुख प्रत्याशी धर्मसेन राम डीएम कार्यालय मे रखेंगे अपना अपना पक्ष। गौनाहा / प्रखंड पंचायत समिति सदस्य बरवा की राजपति देवी द्वारा उच्च न्यायालय पटना मे दायर सी.डब्लू.जे.सी. संख्या 4133/2024 के आधार पर हाईकोर्ट ने जिला पदाधिकारी बेतिया को मामले के निष्पादन का आदेश दिया है। विदित हो की धनौजी पंचायत के बरवा गाँव निवासी पंचायत समिति सदस्य राजपति देवी ने 23 जनवरी 2024 को पटना हाईकोर्ट मे एक अपील दायर की थी, जिसमे उन्होंने वर्तमान प्रमुख जयप्रकाश पासवान पर अविश्वास प्रस्ताव हेतु एक याचिका दायर करते हुए कई गंभीर आरोप लगाई थी। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 8 अप्रैल 2024 को बेतिया जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मामले के निष्पादन हेतु आदेश दिया है। जिला पदाधिकारी ने हाईकोर्ट के आदेश के आलोक मे सभी 25 पंसस को पत्र भेजकर 19 अप्रैल को निर्वाचन प्रमाणपत्र व आईडी के साथ जिला समाहाराणालाय कार्यालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। विदित हो की पूर्व मे धर्मसेन राम ने 15 पंस सदस्यों के साथ प्रमुख जयप्रकाश पासवान पर अविश्वास प्रस्ताव हेतु बीडीओ को आवेदन दिया था। ऐसे ही उपप्रमुख राजेश गढ़वाल पर भी आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव लगाया गया है। प्रमुख तथा उपप्रमुख को अपना बहुमत साबित करने हेतु 15 जनवरी 2024 को सुनिश्चित किया गया था। परन्तु दोनों पक्षों द्वारा सदन मे उपस्थित नहीं रहने के कारण प्रमुख व उपप्रमुख की कुर्सी बच गई थी।

भीषण आग लगने से आधा दर्जन घर जलकर राख , अग्नि पीड़तिों से मुलाकात किये सुप्रसिद्ध समाजसेवी दिनेश अग्रवाल

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

पतिलार। पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव में बुधवार की शाम पांच बजे अचानक आग लगने से आधा दर्जन घर जल कर राख हो गया। आग लगने से प्रवेश यादव, अर्जुन यादव , बागड़ यादव , जितेंद्र यादव, कमलेश यादव , लाल बाबू यादव , इकबाल यादव , गंभा यादव, रामा यादव, मुस्मात तिजा देवी, राबड़ी देवी का घर जलकर राख हो गया बताया जा रहा है कि प्रवेश यादव के घर से आग की कहर शुरू हुई थी। जिसमें आधा दर्जन घर जलकर खाक हो गया आग की लपट इतनी तेज थी कि देखते ही देखते अपने आगोस में आधा दर्जन घर को ले लिया तथा वहां पर उपस्थित लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया तब तक आधा दर्जन घर जलकर राख हो गया 5 पांच लाख की संपत्ति जलकर हुई राख आपको बता दें कि जैसे ही आग लगने की सूचना वाल्मीकि नगर लोकसभा के भावी निर्दलीय सांसद प्रत्यासी दिनेश अग्रवाल को मिली तो तुरंत पीड़ति परिवारो से मिलने पहुंचे तथा एक – एक पीड़ति परिवारो का हाल जाना। दिनेश अग्रवाल जब घटना स्थल पर पहुंचे तो वहां पीड़ति परिवारों से मिलकर उनकी दुखी हालत को देखकर काफी भावुक हो गए और प्रशासन से पीड़तिों के राहत के लिए आवश्यक सामग्री तथा आर्थिक सहयोग की मांग तथा पीड़ति परिवारों को भरोसा दिलाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि हर समय आपके साथ खड़ा रहूंगा।

मंगलवार के दिन लगे आग से दर्जनों बेघर हुए पीड़तिों को मुखिया प्रतिनिधि डॉक्टर अभिषेक मिश्रा द्वारा निजी स्तर से राहत सामग्री का किया गया वितरण

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

बगहा । एक प्रखंड स्थित पतिलार पंचायत में मंगलवार के दिन लगे आग से दर्जनों बेघर हुए पीड़तिों को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉक्टर अभिषेक मिश्रा के द्वारा निजी स्तर से राहत सामग्री का वितरण किया गया साथ ही विभागीय स्तर पर स्थानीय थाना को इसकी लिखित सूचना दिलवाने का कार्य किया गया और कर्मचारी के द्वारा इसकी विभाग की रिपोर्टिंग भी हो गई है जिससे कि सरकार से मिलने वाली आपदा की राशि को पीड़ति परिवारों तक जल्द से जल्द पहुंच पाए इसकी पूरी कार्यवाही की जा रही है मुखिया प्रतिनिधि ने पीड़तिो के साथ अपनी संवेदना व्यक्त किया और हर संभव मदद के लिए खड़े रहने का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने कहा कि इस मौसम में आग से हमेशा सावधान रहने की जरूरत है थोड़ी असावधानी से बड़ी घटनाएं हो जाती हैं इसलिए हमेशा सजग रहे हैं और आग से सावधान रहें ताकि ऐसी आपदाओ से बचा जा सके उन्होंने बताया कि सभी पीड़तिो का नाम ब्लॉक स्तर पर राजस्व अधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास भेजा जा चुका है जिससे कि प्रखंड स्तर पर जो भी सुविधाएं मिलने वाली है उसको भी जल्द से जल्द दिलवाया जा सके वही स्थानीय लोगों का कहना है कि दुख कि इस घड़ी में बड़े–बड़े स्तर के नेता आते हैं और फोटो खिंचवाकर आश्वासन देकर चले जाते हैं लेकिन स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा ऐसी आपदाओं में अपने स्तर पर जो कुछ भी बन पड़ता है वह लेकर सदैव खड़े रहते हैं।

संक्षिप्त खबरें ।

मोतिहारी पुलिस की कार्रवाई में लूट एवं आर्म्स एक्ट के कांडों में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी,सिकरहना। आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर आसूचना संकलन के क्रम में रात्रि में प्राप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री अशोक कुमार, सिकरहना के नेतृत्व में घोड़ासहन एवं जितना थाना द्वारा छापेमारी कर लूट कांड एवं आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे एक अभियुक्त को छौड़ादानों थानान्तर्गत ग्राम कोदरकट से गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में घोड़ासहन थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

पछिया हवा का सितम, पारा 39 डिग्री पार, लोग बेहाल

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय,पीरपैंती। पूरे पीरपैंती प्रखंड में गुरुवार को आग बरसाते धूप और गर्मी रही,हालांकि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास अंतर नहीं रहा ।लेकिन धूप की तपिश कम नहीं हुई। सुबह से तेज धूप खिली रहे ।इसका असर शाम तक जारी रहा। बढ़ती हुई गर्मी से आम जीवन अस्त- नजर आया ।पछुआ हवा के झोंके से दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों का जीवन भी प्रभावित हुआ। ठेला चालक, ऑटो चालक, दिन भर गर्मी से बेहाल रहे ।अभी दूर-दूर तक कहीं भी बारिश की संभावना नजर नहीं आ रही है।

केसरिया में भाजपा नेताओं ने रामनवमी पर पूजा अर्चना कर,देश में आपसी सद्भाव की मांगी मन्नते

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। केसरिया प्रखंड भर में रामनवमी पूजा उत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में बीजधरी स्थित हनुमान मंदिर में महामाया स्थान मंदिर, राजमाता मंदिर, समेत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्री राम की तस्वीर लगा कर पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर केसरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में पूजा अर्चना की शुरुआत की गयी। वही भाजपा के जिला मंत्री शंभू महतो ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में इस वर्ष की रामनवमी पूजा के कई मायनों में अहम था।पूरे देश की जनता अपने आराध्य प्रभु श्री राम के प्रति आस्था और गहरी हुई है। इस कार्यक्रम के मौके पर भाजपा नेता आनंद कुमार सिंह,मंडल महामंत्री मुन्ना साह, सुमित कुमार सिंह,अजय कुमार सिंह,अग्निश कुमार पांडेय सुरेश सहनी, आनंद गुप्ता, आदि उपस्थित थे।

द्विदलीय चैता मुकाबले में यूपी के कलाकारों ने जमकर धमाल मचाया

लोकतंत्र की आवाज

छपरा/मांझी (सारण)। रामनवमी के अवसर पर प्रखण्ड के बंगरा काली माता मंदिर परिसर में चौबीस घण्टे के अखण्ड अष्टयाम की पूर्णाहुति के अवसर पर आयोजित द्विदलीय चैता मुकाबले में सीमावर्ती यूपी के कलाकारों ने जमकर धमाल मचाया। बलिया से पहुँचे गायक कलाकार क्रमशः उमेश दिमागी व उपेन्द्र यादव ने चैता तथा चैती धुन पर राम जन्म की आकर्षक सांगीतिक प्रस्तुति कर समारोह में मौजूद श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

समारोह में यूपी से पहुँची लगभग तीन दर्जन नर्तकियों ने आकर्षक लौंडा नाच प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इससे पहले फीता काटकर सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने संगीत समारोह का विधिवत उदघाटन किया। सांसद ने अपने सम्बोधन में कहा कि यूँ तो प्रतिवर्ष हमलोग मंदिरों में अथवा अपने घरों में रामनवमी का उत्सव मनाते रहे हैं लेकिन इस वर्ष की रामनवमी का इतिहास स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भगवान श्री राम पाँच सौ वर्षों के बनवास के बाद एक बार फिर से अपनी जन्मभूमि अयोध्या के भव्य मन्दिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के शतक पूरे होने के साथ ही देश विश्वगुरु के पद पर आसीन हो जाएगा।

समारोह में रालोजपा के वरीय नेता केशव सिंह,भाजपा नेता हेम नारायण सिंह, हरिमोहन सिंह गुड्डू, मकेश्वर सिंह, अमरजीत सिंह, शिवाजी सिंह, जिला पार्षद रघुवंश सिंह,पूर्व जिला पार्षद अशोक सिंह, पूर्व मुखिया जितेन्द्र सिंह, जय किशोर सिंह,यशवंत सिंह,मनोज सिंह तथा सुनील कुमार पाण्डेय एवम मयंक कुमार ओझा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। समारोह का संचालन तथा आगत अतिथियों का सम्मान रालोजपा नेता मुन्ना सिंह ने किया। रात भर चले संगीत प्रतियोगिता में सैकड़ों दर्शकों ने संगीत का भरपूर लुत्फ उठाया।

सियाह रात के सोनहला भोर होला आ गिरमिटिया एकर बेहतरीन उदाहरण बा : मनोज भावुक

लोकतंत्र की आवाज

पटना (ई के के सिंह सेंगर)। गुरुवार को राजधानी पटना के रवीन्द्र भवन में साहित्य और संगीत से शाम सजी। बिहार की मिट्टी हमेशा अपने श्रम और प्रतिभा के लिए मशहूर रही है और इसी का उत्सव मनाने के लिए उपस्थित रहे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर सरनामी गायक राज मोहन, फ़ल्मिफ़ेयर और फेमिना द्वारा सम्मानित साहित्यकार और भोजपुरी सिनेमा के इतिहासकार मनोज भावुक और साहित्यकार और कला समीक्षक डॉ० कुमार विमलेन्दु सिंह। मनोज भावुक और विमलेन्दु ने बिहार के रंगमंच, साहित्य और सिनेमा पर बातचीत की।

मनोज भावुक ने गिरमिटिया प्रवास की दर्द भरी दास्तां सुनाते हुए कहा कि " सियाह रात के सोनहला भोर होला आ गिरमिटिया एकर बेस्ट उदाहरण बा। मजदूर बन के गइल लोग आज मालिक बन गइल बा। गिरमिटिया बन के गइल लोग गवर्नमेंट बन गइल बा। उन्नयन के एह से बेहतर उदाहरण का होई। विमलेन्दु और मनोज भावुक ने गिरमिटिया मजदूरों के जीवन, उनका इतिहास और उनके वर्तमान पर भी बात की। भोजपुरी सिनेमा और साहित्य पर बात की और बात की भोजपुरी के भविष्य पर।

इस अवसर पर मनोज भावुक ने अपनी मशहूर भोजपुरी ग़ज़लें भी सुनाईं। इसके बाद नीदरलैंड्स से आए मशहूर गायक राज मोहन ने सुंदर गीतों से माहौल बना दिया। सात समुंदर पार कराईके / ...गीत पर लोगों की आँखें नम हो गई। अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन हाउस ऑफ़ वेरायटी के संस्थापक सुमन सिन्हा जी ने किया।

पूजा पंडालों में भगवती दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय, पीरपैंती। प्रखंड के विभिन्न चैती दुर्गा मंदिरों में दशमी तिथि को दर्शन पूजन को लेकर के गुरुवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। प्रखंड के इसीपुर बाराहाट स्थित ऐतिहासिक योगी वीर पहाड़, पीरपैंती बाजार मंदिर, बघुवा टोला मंदिर, बाबा मनोकामना नाथ मंदिर, बाखरपुर, दिलौरी ,काली प्रसाद, शादीपुर, कोरियाचक ,सहित विभिन्न पूजा पंडाल में भक्तों का ताता लगा रहा। महिलाओं ने डालियां और खोइछा चढ़ाया। गुरुवार होने के कारण भगवती का विसर्जन शुक्रवार को होगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से मेला देखने के लिए भक्तों की भीड़ रही।

मोतिहारी: बेटी और रोटी के संबंध को देखकर 71वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशानुसार बॉर्डर पर गस्ती की गई

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत। बरहरवा कैंप के अधिकारी के द्वारा बॉर्डर पर इंस्पेक्टर जीडी राजनंदन कुमार, जितना थाना अध्यक्ष अमित कुमार और नेपाल के अधिकारी के साथ बॉर्डर पर गस्ती की गई ।

वही इंस्पेक्टर राजनंदन कुमार ने कहा की ज़माने भर मे मिलते है आशिक कई, मगर वतन से खूबसूरत कोई सनम नहीं होता। नोटों मे भी लिपट कर, सोने मे सिमटकर मरे है,कई मगर तिरंगे से खूबसूरत कोई कफ़न नहीं होता। इंडिया और नेपाल के सभी अधिकारियों ने कहा कि ये दोनो देश बेटी और रोटी का संबंध को जोड़ता है। एक दूसरे को साथ देकर अपने देश की सेवा करेंगे । वही सा आ तर्केश्वरनाथ चौबे का कहना है कि जनपद की सीमा नेपाल से जुड़ी हुई है।

मशरक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय उत्तर टोला घोघिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोघिया सहित आधा दर्जन सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी ने किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षक और छात्र छात्राओं से मिशन दक्ष के बारे में जानकारी लेते हुए कई दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होने बताया कि सरकारी विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी चल रही है लेकिन सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य की गयी हैं। शिक्षकों के द्वारा जो छात्र छात्राएं पढ़ाई में कमजोर हैं उनको मिशन दक्ष के माध्यम से पढ़ाना है। कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षा संचालित करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर विधालय प्रधानाध्यापिका विधावती देवी, शिक्षिका शालिनी कुमारी धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, पवन त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

ट्रेन में आरपीएफ को लावारिस हालत में मिला 16 वर्षीय किशोर, चाइल्ड लाइन आजमगढ़ को सौंपा

लोकतंत्र की आवाज



छपरा (ई के के सिंह सेंगर)। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 14 अप्रैल, 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, आजमगढ़ को गाड़ी संख्या-15083 में 16 वर्ष का एक किशोर लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन आजमगढ़ को सुपुर्द किया गया। 13 अप्रैल, 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, भटनी को मानसिक रूप से विक्षिप्त 20 वर्ष का एक युवक मिला। उक्त युवक को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। 14 अप्रैल, 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, बलिया को मानसिक रूप से विक्षिप्त 36 वर्ष का एक युवक मिला। उक्त युवक को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया।

14 अप्रैल, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल, सीवान द्वारा सीवान रेलवे स्टेशन के पश्चिमी यार्ड से यात्री का गिरा एक बैग बारामद कर सीवान पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। 14 अप्रैल, 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी द्वारा गाड़ी संख्या-11061 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद कर छपरा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। इसकी जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार व पब्लिसिटी इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने दी है।

रोहिणी आचार्य में ज्ञान व समझ की कमी: विवेक कुमार सिंह

लोकतंत्र की आवाज

छपरा (सारण)। भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विवेक कुमार सिंह राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय नेता प्रवक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के सारण से प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी पर आमर्यादित शब्दों का प्रयोग किए जाने पर कहा कि रोहिणी आचार्य में ज्ञान एवं समझ की कमी है और यह उन्हें विरासत से मिला अमर्यादित टिप्पणी एवं बयान बाजी करना इनका पारिवारिक आदत रहा है

राजिव प्रताप रूडी सारण की नहीं पूरे देश के लोकप्रिय जनप्रिय नेता हैं सारण के विकास के लिए जितना उन्होंने किया है लालू प्रसाद यादव जी और उनके परिवार के लोगों ने कल्पना भी नहीं की होगी जब-जब सारण की धरती पर राजद या उनके परिवार के लोग आए सारण को लालटेन युग, भ्रष्टाचार, टूटी सड़कें ,बीमार अस्पताल ,देने का काम राजद की सरकारों ने किया सारण का विकास देखकर रोहिणी आचार्य की आंखें चौंधियाआ गई है जिन सड़कों पर चल रही ह।

वह भाजपा की बनाई हुई है जिस ऐसी कमरे में बैठकर वह बयान बाजी कर रही है उस बिजली को दुरुस्त करने वाले राजीव प्रताप रूढ़ी और भाजपा की सरकार है। जो प्रत्याशी सारण का स्थाई निवासी नहीं है जिसका पता सिंगापुरका है जो सारण के गांव मुहल्लों तक को नहीं जानता वैसा आरजेडी का प्रत्याशी राजीव प्रताप रूड़ी पर अमर्यादित बयान बाजी करता है।

निश्चित यह उसका मानसिक दिवालियापन और घबराहट में दिया गया बयान है ऐसे इस बार की चुनाव में सारण की जनता राजद एंड फैमिली को सारण के साथ-साथ पूरे बिहार से सुपड़ा साफ करने का काम करेंगी।

मानवाधिकार इमरजेंसी के बहेड़ी प्रखंड अध्यक्ष बने रंजन कुमार

लोकतंत्र की आवाज

मुरारी झा

दरभंगा। मानवाधिकार इमरजेंसी सोशल हेल्पलाइन के प्रदेश कार्यालय में संस्था का विस्तार करते हुए दरभंगा जिला बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत निवासी रंजन कुमार को प्रखंड अध्यक्ष सामाजिक सुरक्षा बहेड़ी पद पर प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने मनोनीत किया नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को मानवाधिकार के विभिन्न पहलुओं की शपथ दिलाई साथ ही संविधान के अंतर्गत दिए गए अनुच्छेद के तहत मानव हित में कार्य करने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने दिया प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जिले के ग्रामीण इलाकों में अधिकांश मानवाधिकार हनन होता है

जानकारी के अभाव में लोग अपने आधिकार से वंचित रह जाते हैं इसको देखते हुए संस्था का विस्तार किया गया

- एक महीने के अदंर पंचायत स्तर तक टीम गठन करने का प्रदेश अध्यक्ष ने दिया निर्देश

है आगे टीम को और विस्तार किया जाएगा ताकि जन जन की समस्याओं से मानवाधिकार पदाधिकारी अवगत हो सके नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष के आने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा पहुंचेगा जागरूकता अभियान एवं पीड़ित लोगों की शिकायत से अवगत होने का निर्देश भी प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त अध्यक्ष को दिया पंचायत स्तर तक नियुक्ति के लिए सामाजिक शिक्षित व्यक्तियों को संस्था में नियुक्त करने का अनुशंसा प्रस्ताव भी मांगा गया है प्रस्ताव के बाद चयन की प्रक्रिया विवेक अनुसार की जाएगी टीम पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर है इस मौके टीम के लोग आदि उपस्थित थे

संक्षिप्त खबरें ।

पूर्व डीएसपी सह पटना साइंस कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अखिलेश कुमार ने किया नॉमिनेशन

लोकतंत्र की आवाज

अररिया। अररिया के मिल्की डुमरिया निवासी बहुत बड़े शिक्षाविद पूर्व डीएसपी सह पटना साइंस कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अखिलेश कुमार ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी इनायत खान के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। कक्ष से बाहर निकलने के बाद पत्रकारों से रू ब रू होते हुए उन्होंने कहा कि अररिया की आम जनता और सम्पूर्ण देश की युवाओं की तरफ से मैंने अररिया लोकसभा संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया । मैं प्रथम दिन से कह रहा हूं - यह लड़ाई मेरी है ही नहीं। यह लड़ाई अररिया की जनता के साथ - साथ पूरे देश के युवाओं की है । जीतना या हारना उन्हीं को है । हमें जो करना था वो कर दिया । गेंद आप सबों के पाले में हैं ।

बजरंगबली मंदिर में रामनवमी पर्व पर लगाया गया भोग

लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के सभी बजरंगबली मंदिरों में बुधवार को पुरें विधि विधान से रामनवमी पर्व मनाया गया। इस दौरान कई जगहों पर ढोल बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाला गया। रामनवमी को लेकर महावीर मंदिरों में बीते दो दिनों से आयोजित 24–24 घंटों का श्रीरामचरि तमानस पाठ व रामधूनी के समापन के बाद गुरुवार अपराह्न भजन कीर्तन सहित वैदिक मंत्रोचारण के साथ हवन कराया गया। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार– ण के साथ सामुहिक रूप से ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ध्वजारोहण उपरांत बाबा बजरंगबली को विभिन्न मिठाई, फल व पकवानों का भोग लगाते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बजरंगबली की जय हो तथा जयश्रीराम के नारे से समुचा क्षेत्र गुंजयमान होता रहा।

लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर कुल 12 चेक प्वाइंट स्थापित

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। लोकसभा आम निर्वाचन के सफल संचालन के लिए जिले के चार विधानसभा के लिए विधानसभा वार तीन तीन की दर से कुल 12 चेक प्वाइंट बनाये गए हैं। जहां तीन पाली मिलाकर 36 स्टैटिक सर्विलांस टीम, तीन दल प्रति विधानसभा के अनुसार कुल 12 उड़नदस्ता दल, 12 विडियो सर्विलांस टीम एवं एक एक दल प्रति विधानसभा के अनुसार कुल चार विडियो निगरानी दल, चार लेखा दल एवं चार कॉल सेंटर कार्यरत हैं। जिनके द्वारा ईसीएल द्वारा उपलब्ध कराये गए कार्यान्वयन अनुदेश के अनुसार लगातार कार्य किया जा रहा है।

विशेष अभियान के तहत एससी/एसटी एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्तों को फारबिसगंज पुलिस ने पकड़ा

लोकतंत्र की आवाज

मुन्ना ठाकुर, फारबिसगंज/अररिया। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक अररिया के निर्देश पर फारबिसगंज पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत फारबिसगंज थाना कांड संख्या–1044/23 की धारा–341/323/504/506/34भादवि एवं धारा–3(1)(१)(२)एससी/एसटी एक्ट के प्राथमिकी नामजद तीन अभियुक्त हिरेंद्र लाल मेहता पिता स्वर्गीय मनीराम मेहता उम्र–64वर्ष,विपिन कुमार मेहता उम्र–35वर्ष, अनिल कुमार मेहता उम्र–45वर्ष दोनों पिता स्वर्गीय लक्ष्मी मेहता साकिन–ईदगाह टोला वार्ड नंबर–13 थाना–फारबिसगंज को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार कुया। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि विशेष समकालीन अभियान के तहत फारबिसगंज थाना कांड संख्या–1044/23 के दर्ज प्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में अररिया भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान में एस आई अखिलेश प्रसाद,जनार्दन राय,लक्ष्मण पासवान, सौरभ कुमार,राजा बाबू पासवान,दीपक कुमार,राजीव कुमार पुलिस बल शामिल थे।

चुनावी सभा: जो भी रूठे हैं उन्हें मनाना है, शाहनवाज आलम मेरे भाई हैं इनको भारी मतों से जिताना है: तेजस्वी यादव

लोक तंत्र की आवाज़

डा. रूद्र किंकर वर्मा

अररिया। सुभाष स्टेडियम अररिया में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के नामांकन सह संकल्प सभा में पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ,वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी,राज्यसभा सांसद मनोज झा,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीक़ी जी का आगमन हुआ। सीमांचल के इंडिया गठबंधन के कई नेता, वर्तमान व पूर्व विधायक, सांगठनिक पदाधिकारी, स्थानीय नेता और बड़ी तायदाद में अररिया की जनता की भीड़ उमड़ी रही।

अपने भाषण के दौरान तेजस्वी यादव ने जनता से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की और कहा देश में बदलाव लाने की जरूरत है. अगर हमारी सरकार बनती है तो एक करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी.

तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी को लेकर गाना भी गाया.गीत में कहा कि मोदी जी तुम तो धोखेबाज हो वादा करके भूल जाते हो जिस पर मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजायी. उन्होंने कहा कि हमने जो वादा किया है उसे नहीं भूलेंगे और लोगों को रोजगार देंगे.₹ जो भी रूठे हैं उन्हें मनाना है. शाहनवाज आलम मेरे भाई हैं और इनको भारी मतों से विजय बनाए. अब अररिया में बदलाव लाने की जरूरत है. अररिया जिले में बाढ़ की समस्या है और इससे निजात दिलाने की जरूरत है. लोग जो यहां से पलायन कर दूसरे प्रान्तों में जाते हैं उनको रोजगार देने का काम किया जाएगा. यहां उद्योग लगाए जाएंगे.₹।

चिलचिलाती धूप में तेजस्वी को सुनने उमड़ी भीड़: पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सीमांचल के गांधी के साहबजादे अररिया लोक सभा से राजद के प्रत्याशी पूर्व मंत्री और जोकीहाट के विधायक शाहनवाज की सभा में चिलचिलाती धूप में तेजस्वी यादव को देखने और सुनने लिए तीन घंटा से लोग इंतजार कर रहे मौके पर मुकेश सहनी ने कहा भाजपा वालों ने मेरे साथ धोखा किया है लेकिन इंडिया गठबंधन ने मुझे सम्मान देने का काम किया है.मौके पर युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ राकेश रोशन ने आम नागरिकों से तेजस्वी यादव के हाथो को मजबूत करने की अपील करते हुए कहा की बिहार का विकास सिर्फ राजद ही कर सकती है क्योंकि तेजस्वी यादव गरीबों का दर्द समझते है। उन्होंने शाहनवाज आलम को भारी मतों से जिताने का आग्रह मतदाताओं से किया। इस सभा में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल राजद ,कांग्रेस ,वी आई पी ,आप,और वाम दल के नेता मंच पर मौजूद थे.जिसमे पूर्व सांसद सुखदेव पासवान, विधायक शकील खान, आबीदुर रहमान , रूकनूद्दीन ,पूर्व विधायक सह कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जाकिर अनवर,विधायक अनिल यादव , युवा राजद नेता पूर्व विधायक दयानंद यादव के सुपुत्र डा. राकेश रोशन,राजद के जिला अध्यक्ष मनीष यादव, जगदीश झा गुड्डू , प्रखंड राजद अध्यक्ष मो नसीम,लवली नवाब , कमाले हक,अफसाना हसन ,भोला तिवारी ,विजय सिंह यादव,चंद्र भूषण,के अलावा अन्य नेताओं ने भी शाहनवाज आलम के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील की.इस मौके पर राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम ने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की और कहा मुझे आपने एक बार मौका दिया तो मैं अररिया की तकदीर और तस्वीर दोनो बदलने का काम करूंगा.

सीमांचल जिला सीमावर्ती इलाका है. हर साल बाढ़ आती है. कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ. लोग बाढ़ के कारण पलायन पर विवश हो जाते हैं. हमारा फोकस पलायन को रोकने पर रहेगा. पांच साल से लोग स्टेशन रोड बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन ये आज तक नहीं बना है. कार्यक्रम का संचालन राजद प्रवक्ता गुड्डू झा और राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव ने किया.मौके पर राजद नेता मो बसीर उद्दीन ,अविनाश आनंद ,चंदन सिंह ,परवेज आलम सुशील विश्वास ,सुधीर यादव आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए।

दस दिवसीय श्री श्री 1008 विष्णु विराट रूप मानस यज्ञ में श्रद्धालुओं की उमरी भारी भीड़

लोकतंत्र की आवाज

मुन्ना ठाकुर

फारबिसगंज/अररिया। दस दिवसीय श्री श्री 1008 श्री विष्णु विराट मानस यज्ञ एवं नवाह संकीर्तन में बृहस्पतिवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिला, पुरुष और बच्चे यज्ञ स्थल फारबिसगंज के केशरी मुहल्ला पहुच भगवान विष्णु के विराट स्वरूप का दर्शन कर रहे है। यज्ञ भूमि पर श्रद्धालुओं की लगातार भाड़ी बढ़ रही है। पुरा यज्ञ भूमि भक्तिमय वातावरण चौबीसों घण्टे रामधुन अष्टयाम संकीर्तन से गुंजायमान हो रहा है।

श्रद्धालु यज्ञ में भाग लेने प्रतिदिन यज्ञ स्थल पर पहुंच प्रतिमा स्थल का परिक्रमा कर रहे है। विराट श्री विष्णु यज्ञ में आचार्यो के द्वारा विश्व कल्याण और मानव के कल्याण के लिए हवन कर रहे हैं। बताया जाता है कि इस यज्ञ के हवन का धुआं वातावरण में जहां–जहां तक जाता है वहां तक का पर्यावरण शुद्ध होता है।

आयोजको ने बताया कि यज्ञ हमारी सनातन परंपरा की धरोहर है। इसे बनाए रखने के लिए संत समुदाय के साथ ही श्रद्धालुओं का समावेश आवश्यक है बड़ी संख्या में दूर–दूर से श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचने।लगे है। प्रतिदिन सुबह पूजा अर्चना के साथ अभिषेक हो रहा है।दोपहर और संध्या वेला में महाआरती का आयोजन किया जाता है। जिसमे श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले 35 वर्षों से विश्व कल्याण और मानवता के कल्याण के लिए केशरी मुहल्ला में विराट विष्णु यज्ञ का आयोजन होता रहा है जहां प्रतिदिन हजरों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है।यज्ञ का समापन शुक्रवार को किया जाएगा।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए आप ने दिए पांच मंत्र

लोकतंत्र की आवाज

अररिया। आम आदमी पार्टी के जोनल प्रभारी सह बिहार प्रदेश प्रवक्ता चंद्र भूषण ने गुरुवार को स्थानीय सुभाष स्टेडियम में आयोजित इंडिया गठबंधन की नामांकन और संकल्प रैली में गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए पांच मंत्र दिए हैं। इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजद के शाहनवाज आलम को जिताने के लिए पांच मंत्र दिए ।

उन्होंने कहा कि पहले आप पास पड़ोस सभी के नाम वोटर लिस्ट में चेक कर लें। दूसरे आप अपने घर के नौकर-चाकर, चाय बेचने वाला , भूंजा बेचने वाले सभी को वोट डालने के लिए जरूर कहें। तीसरा सब काम छोड़कर सुबह-सुबह ही वोट डालने जाएं। चौथा मान लिया कि ईवीएम में गड़बड़ है तो वह गड़बड़ी तीन से पांच प्रतिशत तक की हो सकती है अतः इतना वोट डालें कि ईवीएम सेटिंग निष्क्रिय हो जाए और पांचवां आप अपना वोट चुपचाप, शांति और प्यार के साथ डालें। उन्होंने अपनी बात अदम गोंडवी के एक शेर से की-- छेड़िए इक जंग मिलजुल कर गरीबी बेरोजगारी के खिलाफ/ दोस्त मेरे मजहबी नग्मात को मत छेड़िए उन्होंने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने का भी जिक्र किया और कहा कि क्या गलती की थी ?

निर्वाची पदाधिकारी, इनायत खान के कार्यालय वेश्म में 08 अभ्यर्थियों दाख़िल किया नामजदगी का पर्चा

लोकतंत्र की आवाज

- अब तक नामांकन शुल्क की निर्धारित जमानत राशि जमा कर कुल 28 लोगों ने कटाया है एनआर

अररिया । अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का तीसरे चरण में दिनांक 07 मई 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। जिसको लेकर जिला स्तर पर निर्वाचन से संबंधी समस्त तैयारियां प्रगति पर है। वहीं दूसरी तरफ नाम निर्देशन/नामांकन की भी प्रक्रिया जारी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 12 अप्रैल 2024 से दिनांक 19 अप्रैल 2024 तक (अवकाश दिवस छोड़कर) नाम निर्देशन/नामांकन की तिथि पूर्व से निर्धारित है।

इसी क्रम में आज दिनांक 18.04.2024 को नामांकन हेतु निर्धारित स्थल निर्वाची पदाधिकारी, 09-अररिया संसदीय क्षेत्र-सह-जिला पदाधिकारी, अररिया, श्रीमती इनायत खान के कार्यालय वेश्म में 08 अभ्यर्थियों द्वारा क्रमशः राष्ट्रीय जनता दल से शाहनवाज, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी से श्री मुकेश सिंह, भारतीय मोमिन फ्रंट से मो० इसमाईल एवं निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में अखिलेश कुमार, मुस्ताक आलम, मो० अय्यासउद्दीन, सुनील कुमार सिंह, सुधीर कुमार दास ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं अब तक नामांकन शुल्क की निर्धारित जमानत राशि जमा कर कुल 28 नाम निर्देशन प्रपत्र अभ्यार्थियों द्वारा प्राप्त किया गया है। ज्ञात्वय हो कि नामांकन शुल्क की निर्धारित जमानत राशि जमा कर नाम-निर्देशन प्रपत्र जिला निर्वाचन कार्यालय, अररिया से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रशासी पदाधिकारी के घर से चोरों ने आठ लाख के जेवरात सहित नगद राशि दिनदहाड़े कर ली चोरी

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सदर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी वार्ड 13 निवासी एसआईएचएफ ओलो रानी कर्मकार ने मंगलवार के दिनदहाड़े आवास में आठ लाख से अधिक के सोने एवं चांदी के जेवरात सहित नगदी राशि चोरी कर लिए जाने को लेकर सदर थाना में मामला दर्ज कराया है।

एसआईएफएच ओलो रानी कर्मकार ने बताया कि अन्य दिनों की भांति मंगल– वार को सुबह कार्यालय गयी थी। दिन के 11:30 बजे जब अपने आवास संख्या 18 ए न्यू कॉलोनी वार्ड 13 पहुंची तो घर का ताला खोलकर भीतर प्रवेश की तो देखा कि उनका दोनों अलमीरा खुला हुआ है। वही देखने पर पर पता चला कि कमरे की खिड़की का रॉड एवं जाली तोड़कर कर उस रास्ते चोर प्रवेश कर सोना चांदी के जेवर– ात एवं नगद राशि लेकर चंपत हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके पति रमन कुमार सहायक प्रशासी पदाधिकारी समाहर–णालय में पदस्थापित हैं। जो इलाज के लिए पटना एम्स गए हुए थे। पुत्र भी उनके साथ गया था।

उन्होंने कहा कि गले का 15 ग्राम का सोने का चैन, सोने की तीन अंगूठी कुल 17 ग्राम, सोने की चुड़ी दो पीस 40 ग्राम, सोने का पोला दो पीस छह ग्राम, सोने का बाला दो पीस 20 ग्राम, कुल 98 ग्राम सहित चांदी का पायल बिछिया सहित नौ जोड़ा 500 ग्राम एवं विभिन्न कार्यों के लिए रखें नगद 45 हजार रुपया की चोरी कर ली गयी है। उन्होंने चोरी हुई सामग्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

अरजपुर में रामधुनी को लेकर निकाली कलशयात्रा

लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के महुआ पंचायत के अरजपुर गांव में रामनवमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रामधुनी कार्यक्रम को लेकर बुधवार को सैकड़ों महिला व कुवांरी कन्याओं के द्वारा भव्य कलश व शोभायात्रा निकाला गया। स्थानीय लोगों के नेतृत्व में निकली 251 कुमारी कन्या द्वारा कलशयात्रा स्थानीय तिलाबे नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भर कर पूरे गांव का भ्रमण कर पुनः अजरपुर गांव के रामधुनी यज्ञ स्थल पर पहुंचा। गाजेबाजे व ढोल नगाड़ों के साथ निकली कलशयात्रा में जय श्रीराम के जयकारे से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था। आयोजित दो दिवसीय रामधुनी कार्यक्रम के आयोजनकर्ता के समिति ने बताया कि आयोजित दो दिवसीय रामधुनी रामनवमी के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भव्य पंडाल व तोरण द्वार बनाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए भी समुचित व्यवस्था किया गया है। रामधुनी, रामायण पाठ व हवन किया जाएगा। कलशयात्रा में मुख्य रूप से सरपंच नरेश मण्डल, कैलाश मण्डल, अखिले– श ठाकुर, सतीश, मनोज साह, विनोद सहित सभी समस्त ग्रामीण शामिल थे।

गोविंद हत्या का पिता ने किया खुलासा पुलिस के सामने पिता ने दिया बयान दो नाम जद

लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवाददाता। थाना क्षेत्र में सोमवार की रात पतरघट रहीम टोल वार्ड नंबर 9 निवासी गोविंद कुमार का गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले पिता ने किया खुलासा पतरघट पुलिस ने पिता के बयान पर रिपोर्ट दर्ज किया है। पतरघट वार्ड 9 निवासी संजय शर्मा पिता विशुनदेव शर्मा ने पतरघट थाना पहुँच कर पुलिस के समक्ष दिये बयान में कहा है कि सोमवार के देर शाम अपने घर पर था।

एक बाइक पर सवार अंकित कुमार पिता महाचन्द्र यादव, श्रवण कुमार पिता शैलेन्द्र यादव साकिम ब्रेठ पंचायत अमृता वार्ड नंबर 5 थाना सोनबर्षा राज सहित 5–6 अज्ञात उनके घर पहुंचकर उनके लड़का गोविंद को बहला फुसला कर कहीं ले गया। उनका लड़का घर से बाहर निकला। उनके द्वारा पूछे जाने पर बोला दोस्त के साथ घुमकर आ रहा हूं।

जब देर रात उनका लड़का घर नहीं लौटा। उनको लगा कि उनका दुसरे घर पर सौ गया होगा। दुसरे घर पर भी खोजबीन किये जाने पर पता नहीं चला। मंगलवार की सुब– ह पड़ोसी रमन कुमार के मोबाइल पर फोटो आया जिसमें उनका लड़का जमीन पर गिरा था। सूचना पर पारिवारिक अन्य सदस्यों के साथ घटना स्थल पर पहुंचा तो देखा कि उनका लड़का गोविंद कुमार के पेट और सर में गोली मारकर हत्या कर दिया गया है।

वेबजह गोली मारकर हत्या किये जाने के कारणों का खुलासा किया। यह घटना पतरघट पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने कहा फर्ज बयान पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है। बहुत जल्द ही यह हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

माता से साक्षात्कार के बाद भक्त आनंदी दास के जीवन में हुआ चमत्कार

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा, विश्वास आस्था व समर्पण के साथ निष्ठापूर्वक किया गया पूजा–पाठ कभी निष्फल नही होता है। बल्कि कलियुग मे भी पूर्ण समर्पण भाव से किये गए पूजा–पाठ से प्रसन्न होकर भगवान अपने भक्तों को साक्षात दर्शन देकर उनकी मनोकामना पूर्ण करते है। वही ममतामयी एवं वात्सल्यमयी माता भगवती की बात ही निराली है। जो प्रसन्न होने पर साधक की सभी मनोवांछित कामना पूर्ण करती है। कुछ ऐसा ही वाक्या आनंदी दास के साथ हुई जिसके कारण उनकी दशा व दिशा दोनों में क्रांतिकारी परिवर्तन आया।

गंगजला बम्पर चौक निवासी आनंदी दास ने बताया कि शुरूआत के दिनों मे मेरा परिवार काफी सुखी था लेकिन परिवार में अन्यान्य भाइयों द्वारा सब संपति हड़प कर मुझे बेसहारा छोड़ दिया गया। लेकिन मैं सबकुछ भगवान को सौंप कर किसी तरह गुजर बसर कर रहे थें। वही भगवान के प्रति पूर्ण आस्था के साथ पूजा–पाठ करता रहा। इसी क्रम मे भगवती ने मुझे साक्षात दर्शन देकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। वही अपने हाथ से मूर्ति निर्माण कर पूजा–पाठ करने का आदेश दिया। इसके बाद मैनें अपने हाथ से मूर्ति निर्माण कर वर्ष 1973 से पूजा–पाठ आरंभ किया। श्रीदास ने बताया कि पूजा आरंभ करने के बाद मुझे जिला परिषद मे नौकरी मिल गई। उसके बाद मेरे जीवन मे क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ। वही पुत्र पौत्र धन धान्य से परिपूर्ण होकर सपरिवार पूजा–पाठ मे संलग्न हूं। उन्होंने बताया कि अब तो मूर्ति निर्माण मे मेरा पुत्र भी निपुण हो गया है। वे अपने पुत्र बृजेश कुमार चंद्रशेखर दास एवं बंटी बिजली मिस्त्री को भी मूर्ति निर्माण की कला में पारंगत कर दिया है। अब यह लोग भी मूर्ति बनाने में निपुण हो गया है। इस अवसर पर पंडित रविंद्र झा, कन्हैया झा, गुलशन कुमार झा,विवेकानंद झा एवं प्रेम झा ने बताया कि चैत नवरात्रि के में सप्तशती मंत्रों द्वारा परे विधि–विधान से हवन अनुष्ठान किया

जा रहा है। साथ ही वर्ष के चारो नवरात्रा में कलश स्थापना कर व्रत उपवास एवं सप्तशती पाठ का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्तिक महीने में मां काली की प्रतिमा चैत्र नवरात्र में दुर्गा जी की प्रतिमा के साथ–साथ लक्ष्मी सरस्वती गणेश कार्तिक ब्रह्मा विष्णु महेश राम लक्ष्मण सीता एवं बजरंग बली की प्रतिमा का निर्माण कर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की जाती है। इस मौके पर साधक की तीसरी पीढ़ी विनीत कुमार, विक्की कुमार, सोनू कुमार, अंशु कुमार एवं देवव्रत कुमार के द्वारा भी पूजा पाठ में सराहनीय योगदान दिया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें ।

बिश्रामपुर के रामनवमी जुलूस में शामिल हुए ड्रा ईश्वर चंद्र सागर चंद्रवंशी

लोक तंत्र की आवाज
बिनोद सिंह पलामू

पलामू। पलामू जिले के बिश्रामपुर में वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुरूप विश्रामपुर में रामनवमी का जुलूस दसवीं को निकाला गया। जुलुस में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुये। पूजा कमेटी के लोगो ने मुख्य अतिथि श्री चद्रवंशी सहित कई गन्यमान लोगो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री चंद्रवंशी ने भी कमेटी के सभी सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,वरीय राजद नेता ओमप्रकाश गुप्ता,गुड्डू,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,मंडल अध्यक्ष बबन राम,निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी,बजरंगदल के जिला सह संयोजक पंकज कुमार लाल,समाजसेवी मनीष कुमार,शिववंश मिश्रा सहित कई लोगो मौजूद थे।

झारखंड के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का निधन

लोक तंत्र की आवाज
बिनोद सिंह पलामू

पलामू। मेदिनीनगर शहर के रेड़मा निवासी और झारखंड के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का बुधवार की सुबह रांची में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। दीमकों के सबसे बड़े घर की खोज करने के कारण उन्हें 2016 उन्हें लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया था। उन्होंने हजारीबाग के आसपास एक हजार से ज्यादा इंसेक्ट की सूची तैयार की थी। जैव विविधिता पर लिखी उनकी पुस्तक 'स्पाइडर ऑफ झारखंड' का विमोचन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खेलगांव में किया था। मृत्युंजय शर्मा की प्रारंभिक पढ़ाई मेदिनीनगर के रोटरी स्कूल से हुई थी और उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पलामू जिला स्कूल से 1983 में की थी। उनकी आगे की पढ़ाई हजारीबाग और दिल्ली में हुई। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह हजारीबाग में वन विभाग में नौकरी करने लगे। यहीं उन्होंने हजारीबाग से सौंदर्य को अपने कैमरे में कैद करना शुरू किया। उनकी खींची हुई तस्वीरें जिला समाहरणालय समेत अनेक सरकारी इमारतों में लगी हैं। 2024 में उनकी तितलियों की तस्वीर के आधार पर हजारीबाग वन विभाग का कैलेंडर तैयार किया गया था,उनकी पत्नी कुसुमलता शर्मा अधिवक्ता हैं। पुत्री सौभाग्यम शर्मा कोरिया में भौतिकी में शोध कर रही है जबकि पुत्र दीप दिव्यम शर्मा क्लैट में चयनित होने के बाद भोपाल में वकालत की पढ़ाई कर रहा है। शर्मा के निधन पर आपीआरडी के उपनिदेशक आनंद कुमार, खादी विकास एवं ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा सुमन, अवधेश शुक्ल, झारखंड विधानसभा के उपसचिव अनूप कुमार लाल, लोहरदगा के जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अजय कुमार पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता शलभ कुमार, शैलेंद्र अग्रवाल, अमिताभ कुमार सिंह, भाजपा नेता ब्रजेश कुमार सहित उनके मित्रों प्रभात किरण, तृप्ति, नीरज कुमार सिन्हा, नवल पांडेय, सतीश कुमार, मनोज कुमा ओझा, धर्मेंद्र कुमार, गगन कुमार, अरुण सिंह, अशोक कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, राममिलन शुक्ला, आनंद द्विवेदी, रवींद्र सिंह, संजीव कुमार, मनोज गिरि, देवाशीष सेन गुप्ता आदि ने शोक जताया है।

जादूगोड़ा यूसीआईएल डैम के तट पर स्थित शिव मंदिर से आद्य महिला शक्ति अखाड़ा के द्वारा रामनवमी पर भव्य जुलूस निकाला गया

लोकतंत्र की आवाज

जादूगोड़ा । रामनवमी का त्यौहार जादूगोड़ा क्षेत्र में समारोहों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस मौके पर दुर्गा वाहिनी के संयोजन और आद्या शक्ति महिला अखाडा द्वारा आयोजित महिलाओं का अखाडा जुलूस पूरे क्षेत्र के लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा । जादूगोड़ा यूसिल डैम में गुर्रा नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित इस समारोह में पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार , पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के वरीय उपाध्यक्ष सह अखाड़ा के संरक्षक आशीष गुप्ता , जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार , केन्द्रीय रामनवमी समिति के उपाध्यक्ष अरुण सिंह , पत्रकार अनेक बिहारी खेमका शामिल हुए । अखाडा कमिटी के सदस्यों ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

इस मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक मेनका सरदार ने कहा की ये बहुत हर्ष की बात है की पूर्वी सिंहभूम जिला में इतने सालों के इतिहास में पहली बार दुर्गा वाहिनी के सहयोग से महिला अखाड़ा निकाला जा रहा है । ये समाज में एक बहुत बड़े बदलाव का संकेत है । अब महिलाएं हर क्षेत्र मे बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी क्षमता प्रदर्शित कर रही है . उन्होंने कहा की आद्या शक्ति महिला अखाडा के माध्यम से किशोरियों को दिया जाने वाला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है ।

अखाडा के संरक्षक आशीष गुप्ता ने कहा की महिलाओं का अखाडा निकालना पहले केवल एक कल्पना थी . मगर दुर्गा वाहिनी एवं आद्या शक्ति महिला अखाड़ा ने इस कल्पना को यथार्थ में बदलने का काम किया है । आज इस अखाड़े में करीब 40 महिला सदस्य हैं जिन्हें शस्त्र कला , लाठी , और अन्य हथियारों का चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है . इस अखाड़े की महिला सदस्य केवल अखाड़ा ही नहीं आने वाले समय में समाज के हर क्षेत्र में सक्रीय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी । इसके बाद अखाड़ा की संयोजक तथा दुर्गा वाहिनी की प्रांत सह संयोजिका अरुणा सारंगी के नेतृत्व में सभी खिलाडियों ने अखाड़ा के उस्ताद गुरु कंचन षाडंगी को सलामी देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया ।

जुलूस का आरम्भ जादूगोड़ा यूसिल डैम घाट से हुआ जो बगलासाई, मेचुआ होते हुए जादूगोड़ा मोड चौक पहुंचा . जहाँ जुलूस में शामिल किशोरियों एवं युवतियों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेलों का प्रदर्शन किया और दर्शको को दांतों तले ऊँगली दबाने को मजबूर कर दिया । खिलाडियों ने पाने पेट पर लकड़ी का तख्ता रखकर मोटरसाइकिल पार करवाने, आँखों पर पट्टी बांधकर फरसा से ईंटा तोड़ने , कांच पर नंगे पाँव चढ़कर लाठी भांजने जैसे एक से बढ़कर एक खतरनाक खेलों का प्रदर्शन किया । इसके बाद जुलूस नवरंग मार्केट , गाँधी मार्केट , सामुदायिक केंद्र जादूगोड़ा मैदान होते हुए यूसिल शिव मंदिर जादूगोड़ा में जाकर विसर्जित हुआ . इस जुलूस की सबसे ख़ास बात ये रही की आयोजको ने सबसे पहले जुलूस निकाल कर सबसे पहले विसर्जन भी कर दिया. इस प्रकार के अपने क्षेत्र में प्रथम महिला अखाड़ा के भव्य कार्यक्रम के समापन पर अनेक बिहारी खेमका ने भूरी भूरी प्रशंसा की । आद्या शक्ति महिला अखाडा में ,रौशनी पात्रो , नीलिमा गिरी , ऋतू पात्र,यशमती पात्र,आमया पात्र,रिंकी आचार्या,शौर्य सीट , रेशमा पात्र रिया पात्र,स्वीटी पात्र , नंदिनी प्रसाद ,पूजा मांझी,सुब्रती मंडल,मोइना पात्रो . दिशा कुमारी,रिद्धि कुमारी,महक बहादुर ,बबली सोनम,सीमा कुमारी ,प्रिया लकड़ा, समृद्धि शर्मा , श्वेता कुमारी,सोनाली कुमारी , निधि कुमारी आदि ने अपने खेल का प्रदर्शन किया । इस आयोजन को सफल बनाने में पिंकी सिंह,अर्चना सिंह,उषा साव , सुनीता साव , बसंती साव,सुमित्रा गिरी , लालबाबू साव , एम के दुबे , राजकिशोर मिस्त्री ,राजनाथ मिस्त्री, आजाद भाई,संजीव डे ,राजनाथ मिस्त्री आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

रामनवमी के दशमी जुलूस में शामिल हुए खास और आम

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम झारखंड

घाटशिला। पूरा घाटशिला अनुमंडल रामनवमी मय है इसी को देखते हुए राम नाम के पताको को लेकर विभिन्न अखाड़ों द्वारा भव्य दशमी का जुलूस निकाला गया मौके पर घाटशिला के गोपालपुर रामनवमी अखाड़ा और महावीर क्लब अखाड़ा समितियां द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकली।

मौके पर घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू डॉ सुनीता देवदूत सोरेन सनत कालतू चक्रवर्ती सांसद प्रतिनिधि दिनेश साहू समाजसेवी कलीराम शर्मा पंकज विजय पांडे शिव मंदिर कमेटी के सचिव नवल सिंह संजय तिवारी उप मुखिया रूपेश दुबे शक्ति प्रसाद दल राकेश दुबे रवि सिंह के साथ–साथ काफी संख्या में लोग शामिल हुए महावीर क्लब रामनवमी अखाड़ा समिति द्वारा भव्य शोभा यात्रा में आकर्षक नृत्य मंडलियों को शामिल किया गया था जिसने शोभायात्रा के दौरान अपने आकर्षक नृत्य से सभी का मन मोह लिया इस मौके पर अखाड़ा के सदस्यों द्वारा लाठी खेल व तलवारबाजी प्रदर्शन किया गया वहीं गोपालपुर रामनवमी अखाड़ा समिति द्वारा भी इस मौके पर भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस दौरान घाटशिला के एसडीओ सच्चिदानंद महतो सीडीपीओ अजीत कुजूर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती यूनिका शर्मा घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे और मऊभंडार ओपी गौतम कुमार अपने दल बल के साथ नजर आए उन्होंने सभी अखाड़ा समितियां को रामनवमी की शुभकामनाएं दी इस मौके पर शिव मंदिर बजरंग परीक्षा रामनवमी अखाड़ा समिति द्वारा भी भव्य हुआ कृषक जुलूस निकाला गया जिसमें अध्यक्ष बीएन सिंह देव एन के राय नवल सिंह मंतोष मंडल संजय कुमार सिंह जयंत उपाध्याय कन्हैया शर्मा के साथ–साथ काफी संख्या में लोग शामिल हुए वही महावीर क्लब रामनवमी अखाड़ा में सामूहिक भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

गद्धौर: विद्युत चोरी को लेकर पांच पर प्राथमिक की दर्ज

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ

गिद्धौर(चतरा)। विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को प्रखंड के मंझगांवा व कुबरी गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार कर रहे थे।अभियान के दौरान कुबरी गांव के विजय राम,कामेश्वर भुइयां, अनिल कुमार, मंझगांवा के सुरेश यादव व कुमार यादव को विद्युत चोरी करते पकड़ा। इस बाबत थाना में विद्युत चोरी की प्राथमिक की दर्ज कराई गई। जबकि इन लोगों पर 109873 रुपया का जुर्माना लगाया गया। छापेमारी दल में विद्युत कर्मी संतोष कुमार मनीष कुमार,महावीर दांगी, पंकज कुमार वर्मा, विकास कुमार रमेश तिर्की सहित थे।

बी-ब्लॉक महावीर क्लब मऊ भण्डार ने निकाला रामनवमी जुलूस, हजारों लोगों की उमड़ी भीड़, चौक-चौराहों पर प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम झारखंड

घाटशिला। मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का त्योहार रामनवमी मऊभण्डार–घाटशिला में उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान सात लाइसेंसी अखाड़ा समितियों ने भव्य जुलूस निकाल चौक–चौराहों पर खेल का प्रदर्शन किया। घाटशिला अनुमण्डल के सबसे बड़े लाइसेंसी बी–ब्लॉक महावीर क्लब मऊभण्डार ने हजारों युवकों, महिलाओं और बच्चों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाला।

शोभायात्रा में केन्द्रीय अखाड़ा के अध्यक्ष रूपेश दूबे, पूर्व सांसद डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, एसडीओ सच्चिदानंद महतो, एसडीपीओ अजित कुजूर, ओपी प्रभारी गौतम कुमार, एसआई मनोज मुर्मू, भाजपा नेता लखन मार्डी, डॉ सुनीता देवदूत सोरेन, राहुल पांडेय, सिद्धार्थ राय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे, सांसद प्रतिनिधि सह अखाड़ा के संरक्षक दिनेश साव, कालटू चक्रवर्ती, सच्चिदानंद त्रिपाठी, विनोद अग्रवाल, कालीराम शर्मा, संजय अग्रवाल, अध्यक्ष जगतराम, उस्ताद अशोक चौधरी, राकेश दूबे, लाइसेंसी शम्भू जेना, संजीव सिंह तोमर, एस राजन, सचिव रविप्रकाश सिंह, महिला समिति की अध्यक्ष आरती दत्ता, महासचिव रूबी सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, मुनिब शर्मा, मोहन दास, प्रकाश शर्मा, अशोक पाठक, दिल बहादुर सोनार, विजय पांडेय, प्रदीप सिंह तोमर, दीपक सिंह, प्रमोद सिंह, सुमित सिंह, माणिक महंती, हिमालय बागती, आशीष बागती, अशोक पाठक, रवि शंकर राय, राजकिशुन राय, चेतन सिन्हा, एंथोनी विल्सन, ऋतु सिंह, राजा दत्ता, राजेश दूबे, सुरेश, निखिल प्रसाद, बापी मंडल, अमन साव, रितेश शर्मा, ओम ठाकुर, ललित नमाता, प्रेम रेवानी, शक्ति प्रसाद धल, चंद्रमा सिंह, अभिषेक सिंह, विनय बैठा, शुरू रेवानी, प्रकाश रेवानी, अभय दूबे, विवेक दूबे, सौगात, एरिक, हरेकृष्ण पातर, विद्यासागर पातर, छोटेलाल सिंह, रमेश ठाकुर, हनी सिंह, मधु, सपन सिंहदेव समेत हजारों की संख्या में अखाड़ा के सदस्य शामिल हुए। बी–ब्लॉक महावीर क्लब से निकलकर जुलूस शिव मंदिर, गांधी स्पोर्टिंग क्लब, मऊभण्डार चौक, दाहिगोड़ा हनुमान मंदिर, लालडीह होते हुए घाटशिला रंकिणी मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

पलामू मुख्यालय में रामनवमी का जुलूस बड़े ही धूमधाम से निकाला गया, सैकड़ों भक्त हुए शामिल

लोक तंत्र की आवाज
बिनोद सिंह पलामू

पलामू। मेदिनीनगर मुख्यालय में रामनवमी पूजा धूम धाम और शांतिपूर्ण ढंग से मनाई जा रही है शहर के विभिन्न इलाकों से पूजा कमिटी के द्वारा तरह तरह की झाकियां और डीजे निकाली गई। देश–प्रदेश में श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी की धूम है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर हर कोई राममय नजर आ रहा था।चारों ओर राम नाम की गूंज रहे है।शहरों और कस्बों में रामनवमी पर शोभायात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का पावन उत्सव पूरे पलामू सहित हर जिले में बहुत धूम–धाम से मनाया जाता है।वही रामभक्तो ने भगवान राम के गानों पर झूमते दिखे।बाहर से आये कलाकारों ने अपनी कला से लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया, वही जिला प्रशासन भी मुस्तैद थी।

हंटरगंज : इंडिया गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने किया दौरा, कार्यक्रम में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ

चतरा(झारखंड)। जिले के हंटरगंज प्रखंड मे इंडिया गठबंधन के चतरा लोकसभा सीट के चयनित प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने दौरा किया जिसमे इंडिया गठबंधन से जुड़े सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।कार्यकर्ताओ के द्वारा एक बैठक की गयी जिसमे ग्रामीण स्तर पर पार्टी को मजबूती देने पर जोर दिया गया।

बैठक मे हंटरगंज प्रखंड के सभी पंचायतो से मुखिया,पंचायत समिति और पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओ ने भाग लिया और बैठक मे आये कार्यकर्ताओ और लोगो से अपील की अब जागने का वक़्त आ गया है और हम सभी को अपना भरपूर सहयोग दे कर श्री त्रिपाठी को विजय बनाने का कार्य करना है।बैठक मे श्री त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए ये कहा की इंडिया गठबंधन के सभी पार्टी के लोग हमारे अपने और सहयोगी है और उनके सहयोग से ही वे बदलाव लाने का कार्य करेंगे।उन्होंने कार्यकर्ताओ को प्रखंड स्तर पर एक कमिटी का विस्तार करने की बात कही और अपनी जिम्मेवारी समझते हुए सहयोग देने के लिए प्रेरित किया साथ ही कार्यकर्ताओ के साथ ग्रामीणों को भी आश्वासत किया की चतरा लोकसभा सीट से विजय होने के उपरांत चतरा की रूप रेखा बदलने का कार्य करेंगे।

गिरिडीह जिला के चपुआडीह गांव में विवाहिता ने पति को छोड़ प्रेमी संग रचायी शादी

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा

(ब्यूरो चीफ)गिरिडीह झारखंड। प्रेम ना बाड़ी उपजै प्रेम न हाट बिकाय के वाक्य को सच और सही साबित करता एक प्रेम प्रसंग जो की गिरिडीह जिला के बेंगाबाद अंतर्गत चपुआडीह का है। बेंगाबाद के एक शिव मंदिर में एक विवाहिता ने पति को छोड़कर अपने प्रेमी के संग बुधवार की देर रात शादी रचा ली । इसके साथ ही विवाहिता दोबारा दांपत्य सूत्र में बंध गई।

प्रेमी बेंगाबाद के चपुवाडीह पंचायत के एक गांव का रहने वाला है प्रेमिका गिरिडीह पचंबा थाना क्षेत्र की रहने वाली है ।बताया गया कि यह विवाहित की शादी से पहले से ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक का युवती के गांव में रिश्तेदार के यहां आना–जाना लगा रहता था।

रिश्तेदार के यहां आने जाने के क्रम में दोनों की आपस में दोस्ती हुई ,और फिर मामला प्रेम प्रसंग में तब्दील हो गया ,युवक केरल में रहकर कपड़ा सिलाई का काम करता है। इस बीच डुमरी थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन माह पूर्व लड़की की शादी हुई थी। सूचना मिलने पर युवक केरल से घर वापस लौटा और विवाहिता को लेकर युवक उसकी ससुराल से फरार हो गया ।

लगभग डेढ़ माह तक युवक ने विवाहिता को अपने घर पर रखा, स्थानीय एवं परिजनों के दबाव में आकर युवक ने विवाहिता के साथ शादी रचा लिया, पूछे जाने पर प्रेमी युवक ने कहा कि वह एक दूसरे से प्रेम करता था और लंबे समय से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था शादी के बाद दोनों खुश हैं।

सुआ कौड़िया में भोजपुरी चैता दोगोला कार्यक्रम में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू

पलामू। मेदिनीनगर सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सुआ कौड़िया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी को लेकर भोजपुरी चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी मुकेश कुमार गुप्ता, जिला परिषद बासो देवी, सुआ मुखिया दुलारी देवी, कौड़िया मुखिया अंजना सिंह, जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, उप प्रमुख शीतल सिंह निराला, झाबर मुखिया संगीता देवी , पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, सरजा के पूर्व मुखिया आनंद कुमार, शिक्षक भारदूल सिंह, उपाध्याय सिंह, रविंद्र सिंह, पंसस अजीत सिंह, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, उदेश्वर बैठा, सुदर्शन ठाकुर, सोरेन विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदू सिंह व संचालन सुआ के हृदया सिंह व कौड़िया से अजीत सिंह ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि समेत कई गणमान्य लोगों को माला पहनाकर किया गया। कलाकार बिहार के रौशन राज व प्रदूमन परदेशी ने कंठेसुरवा होखे न सहिया ए रामा समेत एक से बढ़कर एक कई गीत संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को रात भर झूमने को मजबूर कर दिया। समिति ने जेनरल अध्यक्ष व आगंतुकों का स्वागत किया। जेनरल अध्यक्ष द्वारा करीब हिंदू मुस्लिम मिलाकर 200 लोगों को गमछा व घड़ी वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें सनातन धर्म से होने का गर्व है। कहा कि कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा का निखार होता है। वहीं क्षेत्र में समाजिक भाईचारा, सौहार्द व एकता बढ़ता है। कहा कि सुआ कौड़िया की जनता को बधाई देते हैं। कहा कि पूजा समिति को हमेशा हरसंभव सहयोग करते रहेंगे। इस मौके पर जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम के बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है। श्रीराम का आदर्श वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस बल के साथ तैनात थे। कार्यक्रम में सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, सदर थाना के एएसआई नबी अंसारी, एएसआई ड्रारत डूषण, जिला ट्रैफिक प्रभा री समाल अहमद समेत पुलिस बल ने विधि व्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। मौके पर विश्वकर्मा इंटरप्राइजेज के प्रोपराईटर अवधेश विश्वकर्मा, शेखर स्टोर के मालिक शेखर मेहता, सुधीर कुमार, राजा गुप्ता, रणधीर सिंह, छोटू विश्वकर्मा, सचिव अक्षय सिंह, मुकेश पांडेय, हंसराय ठाकुर, रेयासत मियां, ग्यासुदीन मियां, कौड़िया उप मुखिया प्रमोद राम, शंभू ठाकुर, बसंत मेहता, इदरीश अंसारी, अबुल अंसारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

- कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है : मुकेश कुमार गुप्ता

संक्षिप्त खबरें ।

बरहरवाः कलर्स बिसर्जन के साथ नौ दिवसीय नवरात्रि का समापन हुआ

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख, बरहरवा। कलश विसर्जन के साथ नौ दिवसीय नवरात्री का समापन हुआ। नवरात्री के दशवे दिन अहले सुबह से ही शहर के सकरूगढ़ चैती दुर्गा मंदिर, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा मंदिर, जिरवाबाड़ी छोटा पंचगढ़ तुरी टोला चैती दुर्गा मंदिर, चौक बाजार दुर्गा मंदिर सहित दुर्गा मंदिरों व घरों में स्थापित कलश का वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन करके विधिवत रूप से स्थानीय गंगा तट में कलश विसर्जन नम आंखों से किया। मंदिर के कलश विसर्जन यात्रा में सैकड़ों की तादाद में महिला भक्त शामिल होकर विदाई दिया। इससे पूर्व समिति की ओर से दुर्गा मां को अपराजिता चढ़ाया, खोयचा बांधा गया, दही चूड़ा का भोग लगाया गया। दुर्गा मां, सरस्वती व लक्ष्मी मां को महिलाओ ने मांग में सिंदूर लगाया। सुहागन महिलाओ ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला।

सिरदलाः भोला कूड़ा गांव में झाड़ी बसवारी में लगी आग, बाल बाल बच्चा गेहूं का फसल व घर

लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला। परना डाबर थाना क्षेत्र के सांढ़ मंझगावां पंचायत के भोलाकुरहा गांव के मंदिर के पास अचानक झाड़ी व बास बाड़ी, ताड़ के पेड़ में आग लग गई। जिसे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बता दे की भोलाकुरहा गांव के झाड़ी,बास बाड़ी, तथा ताड़ के पेड़ में आग लग गई। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। समय रहते फायर की गाड़ी के साथ कर्मी पहुंचकर खेत में लगे गेहूं तथा स्थल से सटे घर को बचा लिया। घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस काम के लिए ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड अग्निक रौशन कुमार तथा अन्य को सराहना किया।एवं धन्यवाद दिया। आग लगने का कारण बिजली का तार से शॉर्ट सर्किट होना बताया गया है।

आइसक्रीम बिक्रेता की सड़क दुर्घटना मे मौत,परिजनों में छाया मातम

लोकतंत्र की आवाज
बरहरवा। रंगा थाना क्षेत्र के दुर्गापुर मुख्य मार्ग इम्लीचौक के पास आइसक्रीम बिक्रेता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है वह आइसक्रीम बेचकर अपने बाल बच्चों का पेट पालता था टेस्ट करने वाला मुराद फिरमिली जानकारी के अनुसार लखीपुर निवासी प्रसंजीत रोजाना ठेला लेकर आइसक्रीम बेचने सड़क के माध्यम से गाँव गाँव घूमते है, इसी क्रम में सड़क में ठेका अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गिर गया और किसी पत्थर में चोट आई ,जिससे आइस्क्रीम बिक्रेता प्रसंजित साह गंभीर रुप से घायल हो गए।उसकी पहचान रंगा थाना क्षेत्र के लखीपुर गांव निवासी प्रसंजीत साह पिता स्व, रामेश्वर साह के रूप में हुई है,घटना को लेकर स्थानीय लोगो ने घटना की जानकारी परिजनो दी। परिजनो ने घटना स्थल पर पहुंच कर जख्मी हालात में बेहतर उपचार के लिए पाकुड ले जा रहे थे,जामे के क्रम में रास्ते में ही प्रसंजीत ने अपना दम तोड़ दिया,इस घटना की सुचना मिलते ही रंगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह अपने दल बल के साथ मृतक के घर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल भेज दिया। इस घटना से मृतक के मोहल्ले में मातम पसर गया.परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है,.

रफीगंज ओबरा पथ बौर गांव के पास मोटरसाइकिल के चपेट में पैदल पति-पत्नी को रौंदा, महिला की मौत

लोकतंत्र का आवाज
सुनील कुमार मिश्र
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज–ओबरा पथ के बौर गांव के समीप रफीगंज की ओर आ रही अनियंत्रित बाइक ने पैदल जा रहे पति–पत्नी को रौंदा दिया। जिससे फदरपुरा गांव निवासी योगेंद्र प्रसाद मेहता घायल हो गए तथा 52 वर्षीय उनकी पत्नी चंद्रावती देवी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। मृतिका के पुत्र लोकेश कुमार ने बताया कि घर से ऑटो पकड़ने के लिए मेरे माता–पिता निकले थे। उनको दाउदनगर के राम विगहा गांव जाना था। इसी बीच घटना घटी। बाइक चालक ने बताया कि आज मेरे साला राहुल कुमार का तिलक था। पौथू थाना क्षेत्र के मिसिर बिगहा गांव से सरहज एवं उनका 6 वर्षीय बच्चा को लेकर आ रहे थे। इसी बीच उनका बच्चा सोने लगा, बच्चा को जगाने के क्रम में यह घटना घटी। बाईक चालक राम प्यारे यादव को गिरफ्तार किया गया।

जन जन में है जन जन के श्री राम : अविनाश देव

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू
पलामू। राम जन्मोत्सव के पावन पर्व रामनवमी में विभिन्न अखाड़े, क्लब, दल, के सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव उपस्थित रहें और पगड़ीपोशी, फूलमाला, शौर्य के प्रतीक तलवार देकर सम्मानित किए गए। राम भक्तों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा की राम की सौम्यता सब को भाती है।

राम आम के जुबान पर रहते है खुशी और विषाद दोनो में जिह्वा से बरबस बाहर आते हैं।खेत खलिहान से लेकर सेठ के खाता बही पर राम विराजते हैं।वाल्मीकि तुलसी के महाकाब्य राम के रास्ते मुक्ति के मार्ग बताया है जिसको हर नागरिक अपने जीवन में उतारते आया है।किंतु वर्तमान दौर में राम का नाम राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है। राम का जन्म ही शत्रुओं के संहार के लिए हुआ था और गुरु के एक बात पर शस्त्र व शास्त्र के शिक्षा के लिए पिता भरोसा कर आश्रम भेज दिए। किंतु आज परंपरा को छोड़ राम की बेहतर वस्तुस्थिति से लोग अनभिज्ञ है । पर्यावरण एवं स्वास्थ्य का ख्याल किए बगैर युवा को जुलूस में डी जे पर डांस करते देखा गया किंतु उनके विचारों पर अमल नहीं करना बेहद चिंतनीय है । पुरानी परंपरा संस्कृति ,शालीनता,स्नेह, नफरत के आग और ऊंची आवाज में दबता जा रहा है। संगठन के लोगों को तलवार की साथ साथ रामचरित मानस के पुस्तक भी सप्रेम भेंट करना चाहिए जिसे युवा पीढ़ी पुनर्पाठ कर सके और उससे रामराज्य लाने का सूत्र निकाल सके।

आगे अविनाश देव ने जिला प्रशासन, सभी संगठन के प्रधान, छात्र, युवा से गुजारिश किया की राम के विचारों को फैलाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। राम जहां भी गए मित्र बनाए और मोहब्बत से रहने का पाठ पढ़ाए। रामनवमी में राम भक्तों के उमड़े जन सैलाब के मद्देनजर बुनियादी सुविधाओं में मेडिकल कैंप,लंगर,पीने का पानी, चलंत शौचालय,चाय बिस्कुट का व्यवस्था जिस उदारता के साथ सामाजिक संगठन के लोगों ने किया वे सभी बधाई के पात्र है जिन्होंने जनपक्षिये चेतना को जागृत किया।

अन्त्योदय व एकात्म मानववाद को तिलांजलि देकर भाजपा ने मनुवाद, मनीवाद व मोदीवाद के पूजारी बीडी राम को प्रत्याशी बनाया हैः शत्रुघ्न कुमार शत्रु

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू
पलामू। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा है कि अन्त्योदय व एकात्म मानववाद को तिलांजलि देकर भाजपा ने मनुवाद, मनीवाद व मोदीवाद के भ्रष्ट पूजारी बी०डी०राम को तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर पलामू की जनता का अपमान किया है,जिसका खामियाजा इस बार भूगतान होगा,

प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के वर्तमान सांसद व भाजपा द्वारा घोषित बाहरी प्रत्याशी बी०डी०राम को नामांकन से पूर्व पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में खर्च किए गए 50 करोड़ रुपए से ज्यादा सांसद निधि का हिसाब उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ संसदीय क्षेत्र की जनता को शीघ्र देना चाहिए,प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि इलेक्टोरल बॉण्ड घोटाले के माध्यम से दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी बन चुकी भाजपा अब अपने सिद्धांतकारों पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माला व विचारों पर ताला के लिए जानी जा रही है। गौरतलब है कि उपाध्याय जी ने जहां समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय को लक्ष्य कर अन्त्योदय की परिकल्पना की थी,वहीं मुखर्जी साहब ने एकात्म मानववाद को परिभाषित किया था।

आज इसके ठीक विपरीत जाकर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दलित समाज के अंतिम व्यक्ति को दरकिनार कर सबसे भ्रष्ट व्यक्ति जिसका भरोसा रतिभर भी एकात्म मानववाद में नहीं बल्कि एकात्म मनुवाद, मनीवाद व मोदीवाद में है,वैसे बी०डी०राम को तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर जनता के जले पर नमक छिड़कने का कार्य की है,जिसका नकारात्मक रुझान आना शुरू हो गया है,वार्ता के अंत में उन्होंने कहा है कि उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के निर्देश के आलोक में पिछले 8 अप्रैल को सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत हमने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू को पिछले 2019 में लोकसभा के आम निर्वाचन के नामांकन पत्र में बी०डी०राम द्वारा संलग्न जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति तत्काल उपलब्ध कराने का आवेदन दिया है,जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध होने के बाद ही झारखण्ड उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर दी जाएगी।

औरंगाबादः पुरानी पेंशन लागू नहीं होने पर भारतीय कर्मचारी संघ ने निर्दलीय प्रत्याशी को मत देने का लिया निर्णय

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज के पौथू में भारतीय कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद सिंह ने अपने सहयोगी कर्मचारी के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान उन्होंने कहा की पुरानी पेंशन लागू नहीं किया गया एवं पंचायत शिक्षकों का राज्य कर्मी का दर्जा नहीं दिया गया।

जिसके प्रति नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा पुराने पेंशन बहाल करने के लिए भारत के सभी कर्मचारी एकजुट हो गए हैं और अपनी मांग को लेकर अब किसी के पास नही जायेंगे, दलगत उम्मीदवार एवं प्रतिनिधि का हम लोग के प्रति जुबान बंद है ।कारण अब हम लोग निर्दलीय प्रत्याशी का मत देने का निर्णय लिए है एवं कहा कि दुसरे मतदाताओं को भी जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि 'पहले दिल के टुकड़े हजार थे अब एक हुए एक हुए,उन्होनें कहा कि प्रत्येक जिला स्तर पर प्रतियोगिता परीक्षा होने चाहिएं।पैसा के आभाव में छात्र बाहर नही जाते ,मेधावी छात्र प्रतियोगिता परीक्षा से वंचित हो जाते हैं। आकस्मिक छुट्टी, गर्मी छुट्टी को रद किए जाने के कारण आक्रोश जताते हुए कहा कि जो भी कर्मचारी मतदान के दौरान जाते हैं तो किसी भी प्रकार के दुर्घटना होने पर सभी प्रकार के मुआवाजा मिलना चाहिए। उन्होनें पंचायत स्तर पर अनाज भंडारण, कोल्ड स्टोरेज, मंडी, किसानो को कृषि कार्य हेतु सामाग्री में 50 प्रतिशत के अनुदान राशि मिलनी चाहिए।

बरहरवाः बाइक व ऑटो की भिड़ंत में तीन जख्मी, रेफर

लोकतंत्र की आवाज

- पंचायत समिति नासिर ने पुलिस के मदद से घायलों को भेजा गया अस्पताल

बरहरवा। बुधवार की रात करीब 8:00 बजे के आसपास बरहरवा थाना क्षेत्र में राहुल चिमनी ईट भट्ठा के पास ऑटो एवं बाइक के साथ आमने–सामने हुई टक्कर में एक बच्चा समेत तीन व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया है।तीनों घायल व्यक्ति को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर कर दिया गया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सवारी से लदे ऑटो बरहरवा थाना क्षेत्र की ओर जा रहा था जब की बाइक सवार राधानगर की ओर अपने घर जा रहा था दोनों विपरीत दिशा में चल रहा था।इसी ९म में रात के अंधेरा होने के कारण दोनों आपस में टकरा गया।इस घटना में ऑटो में सवार संतोष राय नाम का एक पैसेंजर तथा ऑटो चालक मुख्तार शेख गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक के सामने बैठा हुआ आनंद प्रमाणिक उम्र 7 वर्ष पिता ,पोलस प्रमाणिक ग्राम राधानगर को पैर में गंभीर चोटे आई हैं।जिसे उपचार के लिए भागलपुर ले जाया गया है।

बताया जाता है कि आटो चालक मुख्तार शेख पिता अब्दुल सत्तार शेख साकिन राजनगर थाना कैलीयाचक मालदा जिला (पश्चिम बंगाल)का रहने वाला है जबकि संतोष राय पिता बैद्यनाथ राय भी मालदा जिला के बलियाडंगा गांव का रहने वाला है।स्थानीय लोगों ने बताया कि जब यह दुर्घटना घटित हुई तो उसे समय वहां पर कोई नहीं था इसकी सूचना ग्रामीणों ने कालू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नासीरुद्दीन शेख नासिर को दिया।

सूचना पाकर नासिर ने स्थानीय ग्रामीणों को साथ लेकर सभी घायलों को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां से उसे उपचार करा कर अपने–अपने घर भेज दिया घटना की सूचना बरहरवा थाना को दे दी गई है, तथा दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं ऑटो को पंचायत समिति सदस्य नासिर शेख के घर पर सिरसिन में जमा कर दिया गया है सूचना पाकर बरहरवा थाना के एसआई सुदामा सिंह सहित अन्य पुलिस जवान मामले की छानबीन में जुट गई है।

पलामू लोकसभा के लिये गुरुवार से होगा नामांकन,प्रशासनिक तैयारी पूरी

लोक तंत्र की आवाज

- 25 अप्रैल तक होगा नामांकन,26 को नामांकन की संवीक्षा, 29 अप्रैल तक लिया जा सकेगा नाम वापस

बिनोद सिंह पलामू
पलामू। पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव का नामांकन गुरुवार से शुरू हो जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर नामांकन से संबंधित तैयारी पूरी कर ली गयी है और अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी गुरुवार से शुरू हो जाएगा।

समाहरणालय परिसर स्थित पलामू लोकसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी शशि रंजन के समक्ष प्रत्याशियों द्वारा नामांकन का पर्चा दाखिल किया जाएगा।निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी, वहीं निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्षा में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति अंदर जा सकते हैं।नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी वहीं 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय होगा सीसीटीवी से लैस, समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त 18 अप्रैल से शुरू हो रहे नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाया गया है।

इसी तरह नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।इसी तरह नामांकन के दौरान विधि–व्यवस्था के संधारण को लेकर समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर कुल छः दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है उनके साथ पुलिस बल को भी टैग किया गया है।

अंहकार और मोह है मनुष्य के पतन का प्रमुख कारणः सुरेश शास्त्री

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज खडवां गांव में आयोजित ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ में मंडप परिक्रमा ,प्रवचन सुनने ,कृष्ण लीला,मेला देखने काफी संख्या में श्रद्धालू पहूंच रहे है।प्रवचन के दौरान पं सुरेश शास्त्री ने कहा कि अंहकार व मोह है मनुष्य के पतन का कारण। मां भगवती नीम के पेड में अपना आसन लगाती है जो संसार को निरोग रहने की कामना करती है।भगवान शिव अपना आसन वर के वृक्ष नीचे लगाते है।जो संसार को कल्याण करते है।

यज्ञ समिति के अध्यक्ष ब्रजकिशोर पाण्डेय ने बताया कि याज्ञिक आचार्य लालभूषण मिश्र के आचार्यात्व में

- यज्ञ मंडप की श्रद्धालूओ ने 24 घंटा का परिक्रमा किया

त्रिदण्डी स्वामी के शिष्य गोपालाचार्य उर्फ फलाहारी बाबा के तत्वावधान में ग्यारह दिवसीय यज्ञ 9 से 19 अप्रैल तक है।चित्रकूट धाम के हनुमान गढी के पीठाधीश्वर जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य , सुरेश शास्त्री ,सैल मिश्रा का भक्तिमय गीतों एवं रास लीला का श्रद्धालूओ ने काफी आनंद ले रहे।यज्ञ में 24 घंटा का नौलेश कुमार उर्फ लड्डू,15 घंटा का सौरभ परदेशी, सहविन्द्र कुमार, अंजली,करण कुमार, हर्ष मिश्र, हर्षित, पुष्पाजली कुमारी, रूबी देवी, मंजूसा कुमारी, शिवानी , कुंदन, अभय,मनीष, प्रभाकर पाण्डेय,कई श्रद्धालूओ ने 12 घंटा का मंडप परिक्रमा किया। यज्ञ को लेकर पूरा गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। यज्ञ का प्रधान यजमान पपू सिंह,हरेंद्र सिंह,झनू सिंह,सुधीर सिंह,संतोष सिंह ,सुरेंद्र सिंह,अमरकांत कुमार,रेनू देवी है। इस अवसर पर महंथ कृष्णा दास, मौनी बाबा,ललन सिंह,रामराज्य सिंह, सत्यनारायण सिंह,केदार सिंह,अर्जून सिंह,जितेन्द्र सिंह, निखील कुमार, अनूज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गिरिजेश सिंह, अशोक सिंह, हार्दिक सिंह राजपूत, शशिशेखर मिश्र, बसंत सिंह, अजय सिंह, सुशील सिंह, बूलू सिंह, गणेश सिंह, पिन्टू सिंह, मुना सिंह, संजीव सागर व्यास, दिवाकर मिश्र, नीतीश, बलवीर ,चंदन, आकाश, सुरज,विवेक, आकाश, सूरज,आयुष,राकेश ,कामना, वंदना, अदिती, मोहित, रोहित, मिठू, छोटू, रितेश अमित आदि शामिल थे।

एसकेएमयू के परीक्षा नियंत्रक को प्रपत्र भरने की तिथि बढाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहरवा। गुरुवार को बरहरवा बी एस के कॉलेज एनएसयूआई महासचिव सोयेब अख्तर के नेतृत्व में एसकेएमयू विश्वविद्यालय दुमका के परीक्षा नियंत्रक महोदय को ज्ञापन सोपा गया।

जिसमें यूजी सेमेस्टर 1 ठएढ (2022–26) परीक्षा प्रपत्र भरने की निर्धारित तिथि को बढ़ाने की मांग रखी। ज्ञात हो कि पिछली UG semester 1 (2022–26) की परीक्षा फल को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्र स्वयं असमंजस में थे की कौन से छात्र फेल या प्रमोटेड हुए हैं और कौन से छात्र संशोधन प्रक्रिया के तहत दोबारा पास हो गए हैं। इस कारण बहुत सारे विद्यार्थी अपनी परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए हैं और बिलंब शुल्क रहित के साथ आज 18–04–2024 की अंतिम तिथि है। छात्रों के हित को देखते हुए उन्हें बिलंब शुल्क रहित परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि को कुछ दिन तक बढ़ाया जाए। अतः महाशय एनएसयूआई आपसे अनुरोध करती है कि उपरोक्त बिंदु को ध्यान में रखते हुए परीक्षा प्रपत्र की तिथि को विस्तारित की जाए।मौके पर उपस्थित अफजल शेख, रूपेश पंडित, रमजान शेख आदि मौजूद थे।

एमके डीएवी में पूर्व छात्र की पुस्तक का हुआ विमोचन

लोक तंत्र की आवाज

- जल सेना में सेकंड नेविगेटिंग ऑफिसर पद पर कार्यरत हैं लेखक ज्ञान सिंह

बिनोद सिंह पलामू
पलामू। 18 अप्रैल 2024 को एम.के. डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में विद्यालय के पूर्व छात्र ज्ञान सिंह द्वारा लिखित पुस्तक लॉर्ड शिवा का विमोचन किया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डी.ए.वी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने इस पुस्तक का विमोचन किया।

इस पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह जो बारालोटा निवासी अखिलेश सिंह एवं सुनैना देवी के पुत्र हैं, उन्होंने इस विद्यालय से 2011 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। छात्र जीवन से ही लेखन में रुचि होने के कारण अनेक प्रयास किया और प्रथम पुस्तक ₹समथिंग लाइक लवर₹ लिखी। उसके बाद कई अन्य रचनाओं के बाद यह ₹ऋण्ड स्नैक ऑफ़ लॉर्ड शिवा₹ पुस्तक लिखी। इसे लिखने में उन्हें डेढ़ साल का समय लगा। इसकी 1000 से अधिक प्रतियां छप चुकी हैं। यह पुस्तक शिव पुराण में वर्णित कथाओं को आधार बनाकर लिखी गई है, जो छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई, डॉक्टर जी.एन.खान ने कहा कि बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर, भारतीय सेना के अतिरिक्त लेखन क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। छात्रों के लिए यह क्षेत्र भी उन्हें प्रसिद्धि एवं आजीविका का साधन, दोनों उपलब्ध करा सकता है। विद्यालय के छात्र अपने वरिष्ठ छात्र से प्रेरणा लेकर लेखन के क्षेत्र में किस्मत आजमा सकते हैं। यह क्षेत्र भावा भिव्यक्ति का श्रेष्ठ क्षेत्र है। छात्रों को संबोधित करते हुए पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी कैरियर निर्माण की चिंता में भारतीय अध्यात्म एवं दर्शन से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह पुस्तक उन्हें अपनी विरासत से जोड़े रखने का साधन बन सकती है ।आध्यात्मिक कहानियो से लिए प्रसंग छात्रों को रोचक लगेंगे और यह पुस्तक उन्हें पसंद आएगी, ऐसा विश्वास है,इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सी.एस. पांडे,नीरज कुमार श्रीवास्तव, ए.के.पांडे ,अमित त्रिपाठी, चंदन कुमार, कन्हैया राय, निशा मल्होत्रा एवं मंजू चंदेल उपस्थित थी।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।